


आज भोपाल गैस कांड की बरसी

आई.एस.ओ. 9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिन करें
WWW.yashbharat.co.in

• वर्ष- 15 अंक 297 • जबलपुर • शुक्रवार, 3 दिसंबर, 2021 • मूल्य- 2 रुपए • पृष्ठ-8 • कृष्ण पक्ष-14 • विक्रम संवत् 2078 शके 1935

# आंध्र लौटे 60 में से 30 विदेशी यात्री लापता

**नई दिल्ली।** भारत में धीरे धीरे कोरोना के नए वैरिएंट ओमिक्रॉन का खतरा बढ़ता जा रहा है। इस बीच आंध्र प्रदेश से एक बड़ी खबर सामने आई है। दरअसल, पिछले 10 दिनों में यहां विदेशों से लगभग 60 यात्री पहुंचे हैं, इनमें से नौ अफ्रीका से आए हैं। 60 में से 30 यात्री विशाखापट्टनम में रुके हुए हैं, जबकि बाकी 30 राज्य के अलग-अलग जगहों के लिए रवाना हो चुके हैं।आंध्र प्रदेश सरकार इन 30 लोगों को ढूंढ रही है। इनमें से कइयों ने तो फोन उठाना भी बंद कर दिया है। इसके कारण अधिकारियों को इनके लापता होने का डर लग रहा है। ओमिक्रॉन वैरिएंट के खतरे को देखते हुए सरकार को इन लोगों का आरटी-पीसीआर टेस्ट कराना है। बता दें कि ओमिक्रॉन वैरिएंट की पहचान सबसे पहले दक्षिण अफ्रीका में हुई थी। दक्षिण अफ्रीका में एक दिन में 11,500 नए केस दर्ज हुए हैं। यह एक दिन पहले के 8500 केस से भी ज्यादा है। यह चौंकाने वाला आंकड़े इसलिए भी हैं, क्योंकि नवंबर के मध्य तक इस देश में कोरोना के 200 से 300 केस प्रतिदिन आ रहे थे। विश्व स्वास्थ्य संगठन का



कहना है कि कोरोना का नया वैरिएंट ओमिक्रॉन अब तक कम से कम 24 देशों में फैल चुका है। उधर, कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई आज ओमिक्रॉन वैरिएंट के केस पर आपात बैठक करेंगे। बता दें कि यहां ओमिक्रॉन वैरिएंट के दो मामले सामने आए हैं। उन्होने कहा है कि मैंने लैब से पूरा विवरण मांगा है। हम इन लोगों की कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग कर रहे हैं। आज दोपहर 1 बजे मेरी स्वास्थ्य विशेषज्ञों के साथ एक बैठक है। मेरी इस बारे में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से भी बात हुई है।

### कर्नाटक में कैसे फैला संक्रमण

कर्नाटक के स्वास्थ्य मंत्री के सुधाकर ने बताया कि ओमिक्रॉन से संक्रमित पाए गए 66 साल के बुजुर्ग ने साउथ अफ्रीका का दौरा किया था। जबकि 46 साल के दूसरे मरीज ने ऐसी कोई यात्रा नहीं की थी और वो एक स्वास्थ्यकर्मी हैय् दोनों मरीजों ने सिर्फ बुखार की शिकायत की थी। सबसे अहम बात यह है कि दोनों संक्रमित मरीज वैक्सीन ले चुके हैं। एक मरीज संक्रमित मरीज वैक्सीन की दोनों डोज लगवा चुका है जबकि दूसरे मरीज ने पहली डोज ली है। कर्नाटक के विशेषज्ञों के मुताबिकए राज्य में ओमिक्रॉन के और अधिक मामले हो सकते हैं। हालांकि एक्सपर्ट्स की मानें तो उनका कहना है कि सभी मामलों में कोई प्रमुख लक्षण नहीं थे।

#### माइल्ड लक्षण ही रहते

वैज्ञानिकों की मानें तो इस वैरिएंट में माइल्ड लक्षण ही रहते हैं। उनमें सिरदर्द, बदन दर्द और थकावट के लक्षण होते हैं। जोकि करीब 50 हैं। इनमें 30 म्यूटेशन स्पाइक प्रोटीन मिले हैं।

## फटाफट खबरें

### मप्र में पंचायत चुनाव जिला पंचायत अध्यक्ष पद के लिए आरक्षण 14 को

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में पंचायत चुनाव की तैयारियां तेज हो गई हैं। प्रदेश की 52 जिला पंचायत के अध्यक्ष पद के लिए आरक्षण 14 दिसंबर को होगा। इस संबंध में पंचायत राज संचालनालय ने कलेक्टरों को गुरुवार को निर्देश जारी कर दिए हैं। इसमें कहा गया है कि अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछ?ा वर्ग और सभी वर्गों में महिलाओं के लिए आरक्षण लॉटरी निकाल कर होगा।

**रिजर्व सीट का फैसला लॉटरी से**

आरक्षण की संपूर्ण कार्यवाही जल एवं भूमि प्रबंध संस्थान (वाल्मी) कलियासोत डेम के पास भोपाल में शुरू होगी। पंचायत विभाग ने सभी कलेक्टरों से कहा है कि आरक्षण की कार्यवाही की सूचना जिला और पंचायत कार्यालयों में चस्पा करें। बता दें कि शिवराज सरकार ने कमलनाथ सरकार का एक और फैसला पलट दिया है। पंचायत चुनाव की तैयारियों के बीच सरकार ने ऐसी पंचायतों के परिसीमन को निरस्त कर दिया था, जहां बीते एक साल से चुनाव नहीं हुए हैं। ऐसी सभी जिला, जनपद या ग्राम पंचायतों में पुरानी व्यवस्था ही लागू रहेगी। जो पद, जिस वर्ग के लिए आरक्षित है, वही रहेगा। इसके लिए सरकार ने मध्य प्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज (संशोधन) अध्यादेश-2021 लागू कर दिया है। इसकी अधिसूचना भी जारी की गई थी।

### ट्विटर पर मिनटों में गायब लाखों फॉलोअर्स

**नई दिल्ली।** माइक्रो-ब्लॉगिंग साइट ट्विटर पर गुरुवार को अचानक बहुत सारे यूजर्स के फॉलोअर्स की संख्या घट गई। इनमें आम यूजर्स के साथ ही कई बड़े सेलेब्रिटी और नेता भी शामिल रहे। कंपनी की तरफ से इसे लेकर ना तो कोई नई पॉलिसी घोषित की गई और ना ही यूजर्स की तरफ से ट्वीट्स के जरिए शिकायत करने के बावजूद फॉलोअर्स घटने का कारण ही बताया।इसके चलते यूजर्स के बीच ट्विटर पर ही इसे लेकर डिबेट शुरू हो गई। यूजर्स ने कंपनी पर आरोप लगाया है कि पराग अग्रवाल के ट्विटर का नया ष्टश्वह्र बनने के बाद जान-बूझकर फॉलोअर्स की संख्या कम की जा रही है। विपक्षी दलों से जुड़े कई नेताओं और उनके समर्थकों ने इसे पराग अग्रवाल और भाजपा के बीच की मिलीभगत बताया।

### बारामूला में लश्कर के आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़

**श्रीनगर।** सुरक्षा बलों ने जम्मू कश्मीर के बारामूला जिले में आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के एक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। साथ ही पलहालन में हथगोला हमले में शामिल 3 आतंकी मददगारों को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बृहस्पतिवार को बताया कि सुरक्षा बलों ने पट्टन इलाके के वुस्सान में एक वाहन जांच नाके के दौरान तीन संदिग्धों को पकड़ा था। उनकी पहचान आसिफ अहमद रेसी, मेहराजुद्दीन डार और फैसल हबीब लोन के तौर पर की गयी। ये सभी बांदीपोरा जिले के गुंड जहांगीर के रहने वाले हैं। उन्होंने कहा, 'जांच और तकनीक के सहारे जुटायी गई जानकारी से पता चला कि गिरफ्तार लोग लश्कर के लिए काम करते थे और ये लोग 17 नवंबर 2021 को पलहालन में हथगोला हमले में शामिल थे।'

## त्रासदी का दंश भोग रहे लोग आज करेंगे प्रदर्शन



**नई दिल्ली।** शहर में वर्ष 1984 में हुई भीषण गैस त्रासदी को आज 37 वर्ष पूरे हो गए। इस अवसर पर राजधानी भोपाल में आज जगह-जगह भोपाल गैस कांड के लिए जिम्मेदार विदेशी डाव कंपनी और उसे सहयोग करने वाली सरकारों का विरोध किया जाएगा। प्रदर्शन का यह सिलसिला दोपहर 12 बजे से शुरू होगा, जो शाम तक चलेगा। इसमें आम नागरिक और गैस पीड़ित संगठन हिस्सा लेंगे। इन विरोध प्रदर्शनों, सभाओं और गोष्ठियों में मुख्य रूप से गैस का प्रभाव झेल चुके परिवारों के परिजन भी मौजूद रहेंगे। गैस पीड़ित संगठन से जुड़ी रचना ढींगरा, राशीदा बी, नौशीन खान, नवाज खान, साधना प्रधान, बालकृष्ण नामदेव ने बताया कि 37 साल बाद भी गैस पीड़ितों को उनका हक नहीं मिल पाया है। बता दें कि हर साल 3 दिसंबर के गैस कांड की बरसी होती है। दुनिया की भीषणतम त्रासदी में शामिल भोपाल गैस कांड 2 व 3 दिसंबर 1984 की दरमियानी रात को भोपाल के जेपी नगर कारखाने में हुआ था। इसमें लाखों लोग प्रभावित हुए थे और हजारों लोगों की मौत हो गई थी। इस प्रभाव का असर तीसरी पीढ़ी तक देखने को मिल रहा है।

## यमुना एक्सप्रेस-वे पर दुर्घटना, 5 अन्य घायल

# मप्र पुलिस के चार सिपाहियों की हादसे में दर्दनाक मौत

**नई दिल्ली।** मथुरा जनपद में यमुना एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार को दर्दनाक हादसा घटित हो गया। इस हादसे में मध्य प्रदेश के चार पुलिसकर्मियों सहित पांच लोगों की मौत हो गई। यमुना एक्सप्रेसवे के माइल स्टोन 80 (सुरीर) पर पुलिया से टकराकर बेकाबू हुई बोलेरो दो हिस्सों में बंट गई।



हो गए। मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ के थाना भूडेरा की पुलिस टीम अगवा की गई युवती को बरामद करने के किए हरियाणा के बहादुरगढ़ दबिश में जा रही थी। सूचना पर पहुंची सुरीर पुलिस ने शव कब्जे में लिए और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। शुक्रवार की सुबह करीब पांच बजे हुए सड़क हादसे से एक्सप्रेसवे की एक लाइन बंद हो गई। हादसा आगरा से नोएडा जाते हुए मार्ग पर हुआ।

### दबिश में जा रही थी पुलिस

इसमें सवार मुख्य आरक्षी भवानी प्रसाद, महिला आरक्षी हीरा देवी, चालक जगदीश, पुलिस मित्र रवि कुमार की मौत हो गई, जबकि आरक्षी कमलेंद्र यादव ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मुख्य आरक्षी रतिराम, धर्मेंद्र कुमार और प्रीति घायल

### हादसे के बाद लग गई वाहनों की कतार

हादसे के बाद यमुना एक्सप्रेसवे की एक लाइन वाहनों की कतार से जाम हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त बोलेरो को हटाया और रास्ते को सुचारू कराया। यमुना एक्सप्रेसवे पर भीषण हादसा देखकर सभी लोग सन्न रह गए।

## इओडब्ल्यू का एमपी एग्रो के जिला प्रबंधक के घर व आफिस पर छापा



**इंदौर।** एमपी एग्रो के जिला प्रबंधक धार के रमेशचंद्र रूपरिया पर आय से अधिक संपत्ति होने पर उनके घर और आफिस पर ईओडब्ल्यू इंदौर की छह टीमों ने छापामार कार्यवाही की। इंदौर टीम ने उनके त्रिमूर्ति नगर धार स्थित मकान और धार में एमपी एग्रो के आफिस के साथ ही इंदौर में आलोक नगर कनाड़िया स्थित मकान पर एक साथ छापा मारा। इसके अलावा शाजापुर मोहन बड़ोंदिया के स्थित घर और केयर हॉस्पिटल पर भी छापा मारा। उसके भोपाल चुनाभट्टी चिनार वुडलेंड कोलार रोड पर भी कार्यवाही की गई। इओडब्ल्यू को इनके पास से 2.5 करोड़ से ज्यादा की आय से अधिक सम्पत्ति की जानकारी प्राप्त हुई थी। टीम शुक्रवार तड़के पांच बजे मोहन बड़ोदिया पहुंची और कार्यवाही शुरू की। टीम का नेतृत्व ईओडब्ल्यू निरीक्षक कैलाश पाटीदार और विनोद सोनी कर रहे हैं। निरीक्षक कैलाश पाटीदार ने बताया कि दो टीम कार्रवाई कर रही हैं, जिनमें एक टीम निरीक्षक विनोद सोनी के नेतृत्व में पाटीदार के घर पर संपत्ति का आकलन कर रही है। उल्लेखनीय है कि कुछ माह पहले भी गोपनीय रूप से जो इओडब्लू की टीम पाटीदार के मोहन बड़ोदिया स्थित निवास पर पहुंची थी। उस समय टीम गोपनीय रूप से जांच करके लौट गई थी। सूचना पुख्ता होने के बाद शुक्रवार तड़के कार्यवाही की गई है।

## मध्यप्रदेश में होगा योग आयोग का गठन

### पतंजलि योगपीठ हरिद्वार में बोले, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान

**हरिद्वार।** पतंजलि योगपीठ में वैश्विक चुनौतियों का सनातन समाधान-एकात्म बोध विषय पर गुरुवार को आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 75 करोड़ सूर्य नमस्कार संकल्प कार्यक्रम की वेबसाइट का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि योग की शिक्षा के लिए मध्य प्रदेश में अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने मध्य प्रदेश में योग आयोग का गठन करने की भी बात कही। यह कार्य श्रेष्ठ संत और संन्यासियों के दिशा-निर्देशन में होगा। विश्वास है कि इससे मध्य प्रदेश भी बदलेगा और पूरा देश भी बदलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वैभवशाली और गौरवशाली संपन्न भारत का निर्माण हो रहा है। उन्होंने कहा कि वे स्वयं



महसूस करते हैं कि योग की शिक्षा व्यक्ति के मन, बुद्धि और आत्मा का विकास करेगी। कहा कि योगगुरु बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण महाराज ने योग, आयुर्वेद, भारतीय संस्कृति और वैदिक शिक्षा को विश्व पटल पर स्थापित करने के लिए अद्भुत कार्य किया है। स्वदेशी से आत्मनिर्भर भारत के नवनिर्माण के लिए योग और उद्योग के माध्यम से पतंजलि लाखों किसानों और युवाओं को रोजगार दे रहा है। योगगुरु बाबा रामदेव ने कहा कि यह गौरव का क्षण है कि आज आजादी के अमृत महोत्सव में 75 करोड़ सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ है। योग शिक्षा को आंशिक रूप से लागू करने के लिए टुकड़ों में प्रयास हो रहे थे, लेकिन मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री ने योग को व्यापक रूप से शिक्षा का अंग बनाने के लिए बहुत बड़ी कार्ययोजना की प्रतिबद्धता यहां से अभिव्यक्त की है।

## पाकिस्तान से आ रही हवाओं के कारण फैला प्रदूषण सीजेआई बोले- तो क्या वहां के उद्योगों को बंद कर दें

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में खतरनाक वायु प्रदूषण को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और दिल्ली सरकार के खिलाफ नाराजगी जताई है। उधर इस मामले में यूपी सरकार ने कहा कि पाकिस्तान से आ रही हवाओं से प्रदूषण फैल रहा जिस पर चीफ जस्टिस ने कहा कि क्या वहां के उद्योग बंद कर दें? आज फिर इस मामले पर सुनवाई होगी। वहीं, सुनवाई से पहले वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने शीर्ष कोर्ट में हलफनामा दायर कर कहा है कि उन्होंने वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के अपने निर्देशों के अनुपालन की निगरानी के लिए एक इंफोर्समेंट टास्क फोर्स का गठन किया है।



17 सदस्यीय फ्लाइंग टास्क फोर्स बनाई गई हैं। यह टास्क फोर्स हर शाम 6 बजे रिपोर्ट लेगी। केंद्र सरकार की इस पहल पर सुप्रीम कोर्ट ने संतोष जताया है। वहीं, दिल्ली सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर कर शहर के अस्पतालों में निर्माण कार्यों की अनुमति मांगी है। सुप्रीम कोर्ट में दायर हलफनामे में दिल्ली सरकार ने कहा कि कोरोना की तीसरी लहर को देखते हुए कुछ पुराने अस्पतालों में बुनियादी ढांचे तैयार करना शुरू कर दिया था। इसके अलावा सात नए अस्पतालों का भी निर्माण कार्य चल रहा था, लेकिन प्रदूषण बढ़ने के कारण निर्माण कार्यों पर रोक लगा दी गई थी।

## रतलाम का जवान लोकेश मणिपुर में शहीद

**रतलाम/कालूखेड़ा।** आर्मी की इंफाल यूनिट में पदस्थ जिले के जावरा विकासखंड के ग्राम मावता निवासी सैनिक लोकेश कुमावत इंफाल में शहीद हो गए। स्वजनों को सैन्य अधिकारियों से संक्षिप्त सूचना में बताया गया कि लोकेश अब नहीं रहे। इसके बाद गांव में माहौल गमगीन हो गया। सूचना मिलने पर पिपलौदा जनपद के उपाध्यक्ष श्यामसिंह, कालूखेड़ा थाना प्रभारी बीएल भाभर सहित अन्य अधिकारी गुरुवार शाम मावता पहुंचे। पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों ने अंतिमयात्रा के मार्ग की



तैयारियां प्रारंभ कर दी है। जनपद उपाध्यक्ष श्यामसिंह व ग्रामीणों ने बताया कि लोकेश 12वीं तक पढ़ने के बाद सेना में जाने की तैयारी में जुट गया था। उसे बचपन से सेना में जाने का जज्बा था। अंतिम संस्कार रियावन मार्ग स्थित खेल मैदान पर किया जाएगा। इसी मैदान में वह सेना में जाने की तैयारी करता था। उसके नहीं रहने की सूचना सेना यूनिट ने बुधवार सुबह छह से सात बजे के बीच उसके पिता के फोन पर दी और केवल इतना बताया था कि लोकेश नहीं रहा। पार्थिव शरीर मणिपुर से गुरुवार रात में इंदौर एयरपोर्ट लाया गया।



### अर्थशास्त्री गीता गोपीनाथ को मिली पदोन्नति

**मुंबई।** भारतीय अमेरिकी गीता गोपीनाथ अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की फर्स्ट डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्ट होंगी। वह जियोफ्रे ओकामोटो की जगह लेंगी। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की ओर से गुरुवार को बताया गया कि ओकामोटा जल्द ही अपना पद छोड़ देंगे, जिसके बाद गीता गोपीनाथ उनकी जगह कामकाज संभालेंगी।

## महिला पटवारी का रिश्वत लेते हुए वीडियो वायरल

**बड़नगर (उज्जैन)।** महिला पटवारी का रिश्वत लेते हुए एक वीडियो गुरुवार को इंटरनेट मीडिया पर जमकर वायरल हुआ। पटवारी ने किसान से नामांतरण के बाद कृषक को डायरी देने व उसमें नाम चढ़ाने के एवज में दो हजार रुपये की मांग की थी। वीडियो में किसान पटवारी को रुपये देते हुए नजर आ रहा है। अधिकारियों का कहना है कि वीडियो के आधार पर

**नामांतरण के एवज में मांगे रूपये**



जल्द ही कार्रवाई की जाएगी। बड़नगर थाना क्षेत्र के ग्राम फतेहपुर निवासी किसान मनीष पुत्र राधेश्याम अग्निहोत्री की जमीन का नामांतरण होने के बाद भी पटवारी पूजा परिहार द्वारा डायरी में नाम नहीं चढ़ाया जा रहा था। इसके अलावा उसे डायरी भी नहीं दी जा रही थी। पटवारी परिहार द्वारा किसान से डायरी देने व नाम चढ़ाने के एवज में दो हजार रुपये की मांग कर रही थी। इस पर किसान ने उसे एक हजार रुपये दिए थे।

## ग्रहण


# शनिश्चरी अमावस्या पर साल का आखिरी सूर्य ग्रहण कल

**नई दिल्ली।** साल 2021 का अंतिम सूर्य ग्रहण 4 दिसंबर को लगने वाला है, हालांकि भारत में यह सूर्य ग्रहण नहीं दिखाई देगा, इसलिए इसका सूतक काल धार्मिक मान्यताओं के अनुसार मान्य नहीं होगा। साथ ही 4 दिसंबर को लगने वाला सूर्य ग्रहण शनिवार को लग रहा है, इसलिए इसे शनिचरी अमावस्या सूर्य ग्रहण कहा जाएगा।

### इसलिए खास है ये सूर्य ग्रहण

इस सूर्य ग्रहण में केतु के साथ सूर्य की युति बनने जा रही है। वहीं चंद्रमा और बुध की युति भी होगी। सूर्य और केतु के प्रभाव से दुर्घटना की संभावना बन सकती है। देश में राजनीतिक अस्थिरता भी आ सकती है। वृश्चिक राशि विष की राशि है इसलिए रोग और स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां बढ़ सकती हैं। साथ ही आकस्मिक दुर्घटना और त्रासदियों जैसी परिस्थिति निर्मित हो सकती है।

### ये है सूर्य ग्रहण का समय



भारतीय समय के अनुसार सूर्य ग्रहण सुबह 10.59 मिनट पर शुरू होगा। यह ग्रहण दोपहर 03.07 बजे तक रहेगा। सूर्य ग्रहण का पराग्रह एक मिनट 54 सेकंड का होगा यानी करीब दो मिनट तक सूर्य का अधिकांश भाग चंद्रमा की छाया से ढंका रहेगा। साल का यह आखिरी सूर्य ग्रहण अफ्रीका महाद्वीप, दक्षिण अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया में साफ तौर पर देखा जा सकेगा।

### हिंदू धार्मिक मान्यताओं में शनिचरी अमावस्या का महत्व

पौराणिक मान्यता है कि शनि के प्रभाव से पीड़ित लोगों के लिए यह शनिचरी अमावस्या बहुत महत्वपूर्ण है। इस दिन दान का विशेष महत्व है। ऐसा करने से पितरों को संतुष्टि मिलती है और साथ ही सभी इच्छाएं भी पूरी होती है। सूर्य ग्रहण के दौरान बच्चों का विशेष ध्यान रखना चाहिए। नग्न आंखों से सूर्य ग्रहण बिल्कुल भी नहीं देखना चाहिए। बच्चे भी ग्रहण देखना चाहते हैं तो इसे माता-पिता की देखरेख में ही देखें। आमतौर पर सूर्य ग्रहण का सूतक ग्रहण शुरू होने से 8 घंटे पहले शुरू हो जाता है। धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक सूतक 4 प्रकार के होते हैं, जिनमें से एक ग्रहण का सूतक भी है। ग्रहण का सूतक गंभीर परिणाम देता है। सूर्य और चंद्रमा के ग्रहण के कारण राशि परिवर्तन को छोड़कर सभी पर इसका सीधा प्रभाव पड़ता है, इसलिए सभी को इस समय सूर्य देव को प्रसन्न करने के लिए दान करना चाहिए।





## 30 वीं अभा रेलवे सुरक्षा बल वॉलीबाल प्रतियोगिता का भव्य आगाज

**जबलपुर यश भारत। पश्चिम मध्य रेल जबलपुर में 30 वीं अखिल भारतीय रेलवे सुरक्षा बल वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन द्वारा 2 से 7 दिसंबर तक रेलवे स्टेडियम एवं जीसीएफ राम मंदिर ग्राउंड में आयोजित किया जा रहा है।**



इस प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह रेलवे स्टेडियम जबलपुर में मुख्य अतिथि अपर महाप्रबंधक शोभन चौधुरी द्वारा किया गया। इस समारोह के दौरान प्रमुख मुख्य सुरक्षा आयुक्त प्रदीप गुप्ता, उप महानिरीक्षक महेश्वर सिंह, तथा मण्डल रेल प्रबंधक संजय विस्वास की गरिमामय उपस्थिति में रेल सुरक्षा बल और सभी खिलाड़ियों द्वारा मार्च पास्ट किया गया। इस समारोह का शुभारम्भ करते हुए अपर महाप्रबंधक ने कहा कि यह बताते हुए कहा कि मुझे अत्यंत हर्ष हो रहा है कि अखिल भारतीय स्तर पर महिला एवं पुरूष वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन संस्कारधानी जबलपुर शहर मे हो रहा है। पश्चिम मध्य रेल खेलकूद को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। खेल जीवन के लिए नितांत आवश्यक है खेल जीवन का अभिन्न अंग है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि इस तरह की प्रतियोगिता से कर्मचारियों में टीम वर्क एवं एक दूसरे के मदद करने की भावना आती है तथा कार्य के प्रति प्रतिस्पर्धा भी जाग्रत होती है। इस वॉलीबाल प्रतियोगिता में पूरे भारतीय रेलवे से अलग-अलग जोनल रेलवे से पुरुष और महिला खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। जिसमें पुरुष वर्ग में 16 जोनों मध्य रेलवे, पश्चिम रेलवे, उत्तर रेलवे, पूर्व रेलवे, दक्षिण रेलवे, उत्तर पूर्व रेलवे, उत्तर पश्चिम रेलवे, उत्तर मध्य रेलवे, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, पूर्व मध्य रेलवे, पूर्व तटीय रेलवे, पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे, दक्षिण पूर्व रेलवे, दक्षिण पश्चिम रेलवे, रेलवे सुरक्षा विशेष बल एवं पश्चिम मध्य रेल की टीमों से लगभग 205 खिलाड़ी प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। इसी प्रकार महिला वर्ग में जोनल रेलवे के विभिन्न 07 जोनों रेलवे सुरक्षा विशेष बल, दक्षिण पश्चिम रेलवे, दक्षिण पूर्व रेलवे, पूर्व रेलवे, मध्य रेलवे, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे एवं पश्चिम मध्य रेलवे की लगभग 74 महिला खिलाड़ी भाग ले रही है। इस प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग टीमों को 04 पूल में और महिला वर्ग टीमों को 02 पूल में विभाजित किया गया है। पुरुष वर्ग प्रतियोगिता में 32 एवं महिला वर्ग प्रतियोगिता में 13 मैच सहित कुल 45 मैच आयोजित किये जायेंगे। उद्घघाटन समारोह में पहला मैच पुरूष वर्ग में पश्चिम मध्य रेल जबलपुर और पूर्व मध्य रेलवे हाजीपुर के मध्य खेला गया। इस मैच का संचालन राष्ट्रीय स्तर के रैफरियों द्वारा किया गया। इस समारोह के दौरान पश्चिम मध्य रेल मुख्यालय के प्रमुख विभागाध्यक्षों और जबलपुर मण्डल के वरिष्ठ मण्डल सुरक्षा आयुक्त अरुण त्रिपाठी पमरे की खेल अधिकारी अर्जुन अवार्डी मधु यादव सहित रेलवे के वरिष्ठ अधिकारीगण एवं जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### 28 फरवरी तक निर्धारित शुल्क देकर बच सकते है कार्रवाई

# अवैध निर्माण कर लिया तो डरें नहीं, नगर निगम करेगा वैध

**जबलपुर, यशभारत। नगर निगम सीमा में भवन निर्माण के साथ अवैध निर्माण करने वाले नागरिकों को डरने की जरूरत नहीं है। ऐसे लोग 28 फरवरी तक अपने अवैध निर्माण को निर्धारित शुल्क देकर वैध करा सकेंगे। नगर निगम ने नागरिकों को राहत देते हुए यह सुविधा शुरू की है।**



**एबीपीएएस सिस्टम से होगा भुगतान**

नगर निगम में क्षेत्र में बिना नगर निगम की अनुमति के भवन निर्माण कराने व अनुमति से अधिक अवैध निर्माण कराने वाले अपने निर्माण को निर्धारित शुल्क देकर वैध करा सकते हैं। इसमें उन्हें 20 फीसद तक की छूट भी जाएगी। लेकिन इसके लिए आवेदकों को 28 फरवरी 2021 तक ई-नगर पालिका के आटोमेटिक बिल्डिंग प्लान अप्रुवल सिस्टम (एबीपीएएस) के माध्यम से आवेदन करना होगा। प्रशमन के लिए प्राप्त प्रकरणों में 20 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। निगमायुक्त संदीप जीआर ने नागरिकों को दी जा रही इस छूट का लाभ उठाने का आग्रह किया है।

**छूट मिल रही है तो नागरिक लें, परेशानी हो तो संपर्क करें**

नगर निगम के भवन अधिकारी आरके गुप्ता ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा शहर के उन नागरिकों को राहत दी जा रही है जिनके द्वारा बिना अनुज्ञा के भवन निर्माण अथवा भवन अनुज्ञा से अधिक निर्माण कर लिया गया है। भवन अनुज्ञा में प्रश्मन अथवा कम्पाउंडिंग की सीमा 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 30 प्रतिशत कर दी गई है। इससे शहर के हजारों नागरिकों को लाभ मिलेगा। ऐसे सभी नागरिकों से अपील की है कि जिनके द्वारा अभी तक कम्पाउंडिंग नहीं कराई गई है। वे शीघ्र कम्पाउंडिंग के लिए प्रकरण जमा कर शासन द्वारा जारी प्रावधानों के तहत छूट का लाभ उठा सके। इस मामले में किसी भी तरह की परेशानी हो नागरिक संपर्क कर सकते हैं।

**नागरिकों को राहत देने नगर निगम का प्रयास**

**निगम का खजाना भरेगा**

शासन के इस फैसले से अवैध निर्माण करने वाले भवन स्वामियों, बिल्डरों व कालोनाइजरों को राहत मिलेगी, जिन्हें अवैध निमार्णो के नोटिस लगातार थमाए जाते रहे हैं। नगर निगम को भी इससे अतिरिक्त करोड़ों रुपये की आमदनी होगी। इसके अलावा अवैध निमाज़्ण को भी बल मिलेगा।

**4 टीमें गठित की गई है**

नगर निगम भवन अधिकारी आरके गुप्ता ने बताया कि सहायक यंत्री और उपयंत्री अधिकारियों को 4 टीमें बनाई गई है जो पूरे शहर में घूमकर पता करेंगी कि कहां पर वैध निर्माण से ज्यादा निर्माण हो रहा है। ऐसे लोगों को चिन्हित कर अवैध निर्माण को वैध कराने की समझाइश दी जाएगी। बाबजूद लोग नहीं माने तो ऐसे निर्माण को तोड़ने की कार्रवाई नगर निगम करेगा।

### टिकट निरीक्षकों की ताबड़तोड़ कार्रवाई

## एक माह में वसूला 8 करोड़ का जुर्माना

**जबलपुर यश भारत।** जबलपुर रेल मंडल में चल टिकट निरीक्षकों द्वारा यात्री गाड़ियों में 24 घंटे किए जा रहे टिकट जांच अभियान के परिणाम स्वरूप नवंबर माह में मंडल में टिकट निरीक्षकों की टीम ने एक लाख 21 हजार 911 यात्रियों को अनियमित टिकट पर ट्रेनों में यात्रा करते हुए पकड़ कर उनसे 08 करोड़ 26 लाख रुपए से अधिक की धनराशि जुर्माना के बतौर वसूल की है। एक माह में 08 करोड़ रुपए से अधिक का जुर्माना वसूल करने का इस मंडल का इस वित्तीय वर्ष में पांचवा प्रयास है जिससे इस वित्तीय वर्ष में मंडल ने अब तक कुल 49 करोड़ 60 लाख रुपए का जुर्माना अनियमित यात्रियों से वसूल कर लिया है। इस संबंध में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक विश्वरंजन ने बताया कि जबलपुर मंडल में टिकट निरीक्षकों को टिकट जांच हेतु सतत अभियान के लिए प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक मुकुल शरण माथुर द्वारा निर्देशित किया जाता रहा है जिसके परिणाम स्वरूप मंडल में वाणिज्य अधिकारियों के साथ ही टिकट निरीक्षकों ने निरंतर जांच अभियान चलाकर यह उल्लेखनीय जुर्माना वसूल किया है। श्री रंजन ने बताया कि अप्रैल 2021 से नवंबर 2021 तक 08, माह में जबलपुर मंडल ने अब तक रिकॉर्ड 49 करोड़ 60 लाख रुपए से अधिक का राजस्व अर्जित किया है यह जुर्माना निरीक्षकों ने 6 लाख 46 हजार यात्रियों को पकड़ कर वसूल किया है।उन्होंने बताया कि मंडल में चौबीसों घंटे प्रत्येक गाड़ी में चल टिकट निरीक्षक तथा उड़नदस्ता मौजूद रहता है तथा मुस्तैदी के साथ टिकट जांच पूरे मंडल में की जा रही है जिसके परिणाम स्वरूप करोड़ों रुपए का राजस्व वाणिज्य विभाग द्वारा अर्जित करके जमा किया जा रहा है।



## संत अलायसियस महाविद्यालय द्वारा विश्व एड्स दिवस पर नुकक्ड़ नाटिका

**जबलपुर।** संत अलॉयसियस महाविद्यालय के शिक्षा विभाग द्ववारा अंतरराष्ट्रीय एडस दिवस पर महाविद्यालय प्रागंण में बी.एड प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा पोस्टर एवं नुक्कड़ नाटिका कार्यक्रम की अनुपम प्रस्तुति की गयी कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य एड्स पीड़ितों के प्रति सम्भाव की भावना का विकास करना तथा एड्स जैसी घातक बीमारी से कैसे बचा जा सकता इस संबंध में सामान्य जनता को जागरूक करना था। कार्यक्रम का आयोजन मीता अग्रवाल (समन्वयक) द्वारा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. फा. वलन अरासू के मार्गदर्शन में किया गया उक्त कार्यक्रम के सफलता पूर्वक समापन में डॉ. किरण मिश्रा विभागाध्यक्ष शिक्षा संकाय, डॉ. श्रीमान रोशन सोंधिया, डॉ. जरीन बक्श, हरीश दुबे, डॉ. तापसी नागराज, डॉ. सुषमा पिल्ले ,सीमा पोटफोड़े, नेहा नामदेव, वीरेन्द्र कुमार चुटेलकर का सहयोग सराहनीय था ।




## मॉडल स्कूल बैच 99 का चलो मैहर आयोजन

**जबलपुर।** माँ शारदा के दर्शन करने के लिये चलो मैहर का आयोजन मॉडल स्कूल बैच 1999 द्वारा सफलता पूर्वक बस यात्रा द्वारा किया गया। आयोजन को सफलता पूर्वक संचालित करने में आशीष इन्दुरख्या, अमित खंडेलवाल, महेश शुक्ला, अमित अग्रवाल, अभिषेक दुबे, सुधांशु परेता, रीतेश वर्मा, श्रेणिक जैन की महत्वपूर्ण भूमिका रही। यात्रा बस का शुभारंभ आशीष इन्दुरख्या के बंगले जंगल गार्डन सदर से उनके पिता के द्वारा सभी मित्र यात्रियों को शुभकामनाएँ देकर किया गया। सफ़र में मॉडल मित्रों अभय, विवेक, असीम, रीतेश जैन, प्रवीण, लोकेश, रविकिरण, अमित भट्टाचार्य, शशांक, आशीष सेन, रविकान्त सोनकर, यतीन्द्र, महेंद्र, नितिन, राहुल, शैलेष का साथ उल्लेखनीय है।

# हर घर में तालीम की शमा जलानी होगी

**जबलपुर।** शाह बिरादरी का अपना इतिहास है. देश की आज़ादी के लिए समाज के हजारों सेनानियों ने जो कुर्बानी दी है उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता है. लेकिन अफसोस आज हम हर क्षेत्र में पिछड़ गए हैं. वक्त के साथ हमें ढलना होगा. और हर घर में तालीम की शमा जलानी होगी. उक्ताशय के उदगार मकनपुर से आए नामवर आलिम मुफ्ती इसराफ़ील हैदरी मदारी ने व्यक्त किए. वह पाचवीं शाह अल्वी नेशनल कांफ्रेंस में बोल रहे थे. शहीद स्मारक आडीटोरियम में देश भर से आए प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष इरफान रहम अली ने कहा देश में बिखरे समाज के करोड़ों लोगों को एकजुट होकर अपने हक के लिए आगे आना होगा. मौलाना कैसर रज़ा, प्रदेश अध्यक्ष मुहम्मद शरीफ शाह, शाह मेहमूद अनवर, जबलपुर अध्यक्ष हाजी डाक्टर शमीम शाह सहित कई वक्ताओं ने कांफ्रेंस को सम्बोधित करते हुए शिक्षा व रोजगार को बढ़ावा देने के लिए ज़ोर दिया. इससे पहले तिलावते कलाम पाक से जलसे का आगाज़ हुआ. शाह अल्वी एसोसिएशन द्वारा आयोजित की गई कांफ्रेंस में दिल्ली, महाराष्ट्र,यूपी, तेलंगाना, राजस्थान आदि राज्यों के डेलीगेटस ने शिरकत की. कांफ्रेंस को कामयाब बनाने में सम्भागीय प्रभारी जलील शाह, प्रदेश महामंत्री अतीक अहमद मम्मा, जिला अध्यक्ष हाजी डाक्टर शमीम शाह, साजिद अली, मेहमूद अनवर, मकसूद शाह आदि की अहम भूमिका रही।



## श्रीराम कॉमर्स कॉलेज के एनसीसी कैडेट आरडीसी में शामिल

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश कम्पोजिट टेक्निकल रेजीमेंट के एनसीसी कैडेट अंडर ऑफिसर अनमोल पटेल सार्जेंट गुलशन केवट जबलपुर ग्रुप हेडक्वार्टर की ओर से आरडीसी कैंप हेतु भोपाल रवाना। यह दोनों कैडेट श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स के कॉमर्स संकाय के विद्यार्थी हैं। ज्ञातव्य है कि श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स विगत तीसरे वर्ष में एनसीसी के के 2 कैडेट ने महाविद्यालय का नाम रोशन किया है, यह दोनों सांस्कृतिक कार्यक्रम में सहभागी होंगे। इस उपलब्धि पर संस्था के अध्यक्ष श्रीमान आर. के. करसोलिया, प्राचार्य डॉ भरत सोलंकी, एनसीसी अधिकारी डॉ कैप्टन प्रदीप दुबे, पी.आर.ओ सुधीर सक्सेना, केयरटेकर ऑफिसर वैभव चौबे नेवल इंस्ट्रक्टर मधुसूदन पटेल ने हर्ष व्यक्त किया है।

## सेवा भारती ने स्टेशनरी सामग्री प्रदान की




जबलपुर। सेवा भारती महाकौशल द्वारा संचालित ब्रज मोहन नगर प्राथमिक शाला में स्कूल बैग, स्टेशनरी सामग्री का नि:शुल्क वितरण कार्यक्रम जिला शिक्षा अधिकारी घ्यनश्याम सोनी, सेवा भारती के महेश सोनी, अनिल शर्मा, ब्रजभूषण दुबे, चंद्रमोहन मिश्रा सहित क्षत्रिय जन उपस्थित थे।

# बैंक से डिफाल्टर नहीं और शिक्षा 12 वीं तक है तो मिलेगा 50 लाख का लोन

**जबलपुर, यश भारत।** जिले के युवा उद्यमियों को करीब डेढ़ वर्ष बाद राहत मिली है। वे नया उद्योग स्थापित करने के साथ व्यवसायिक इकाई की स्थापना कर सकेंगे। शासन ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी एवं स्वरोजगार योजना बंद कर दी थी, लेकिन अब ऐसे हितग्राहियों के लिए नई योजना के साथ नई राह खुल गई है। हितग्राही प्रदेश सरकार की हाल में शुरू हुई मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के जरिए ऋ ण प्राप्त कर सकेंगे। इसका विवरण शासन ने जारी कर दिया है। जिले के लक्ष्य निर्धारण के बाद उस आधार पर जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के अलावा दूसरे विभाग औद्योगिक परियोजनाओं के लिए युवाओं से आवेदन लेना प्रारंभ करेंगे।

**रोजगार- प्रदेश शासन की मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना शुरू**

योजना की रोजाना होती थी पूछताछ- जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र में स्वरोजगार योजना के लिए लगातार पूछताछ होती थी। अभी तक युवाओं को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के जरिए उद्योग एवं सेवा इकाई के लिए करीब 2 करोड़ रुपए तक की सहायता मिलती थी। दूसरी तरफ मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना में 10 लाख रुपए तक का बैंक लोन मिलने का प्रावधान है, लेकिन अप्रैल 2020 के बाद इन योजनाओं को लेकर कोई लक्ष्य निधाज़्रित नहीं किए गए।

**मध्यप्रदेश सरकार ने युवा उद्यमियों को दी राहत, अब स्वयं का रोजगार शुरु कर सकेंगे युवा**

**यहां से आते हैं आवेदन**

जिले में उद्योग एवं व्यापार व सेवा इकाई के लिए कुछ प्रमुख क्षेत्र हैं। प्रमुख रूप से गारमेंट इकाई, फेब्रिकेशन, एपैरल, ऑटोमोबाइल, बेवरेजेथ, फू ड प्रोसेसिंग, मैटल फ नींचर, आइटी, वुडन फ नींचर, प्लास्टिक, फ र्मा, कंस्ट्रक्शन मटेरियल, एफ एमसीजी, मिनरल बेस्ड, टैक्सटाइल्स, पेपर, इंजीनियरिंग, कंज्यूमर ड्यूरेवल, पैकिंग मटेरियल जैसी इकाईयों के लिए अधिक आवेदन आते हैं।




## ग्राम सूरतलाई में नुक्कड़ नाटक व रैली

जबलपुर। विश्व एड्स निवारण दिवस पर नचिकेता महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना* ने गोदग्राम-सूरतलाई में जाकर एड्स के प्रति ग्रामवासियों को जागरूक बनाने हेतु एक रैली व नुक्क? नाटक का आयोजन किया। रैली का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ.(श्रीमती)प्रीति रेखा चंद्रा ने हरी झंडी दिखाकर की। इसकी व्यवस्था में महाविद्यालय के रजिस्ट्रार रविन्द्र सिंह चंदेल का विशेष योगदान रहा । रैली का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रज्ञा दुबे एवं श्री राहुल बोहरे द्वारा किया गया।नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति में सुश्री गीता जाटव का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर हस्स के 100 से अधिक स्वयंसेवकों की उपस्थिति रही।

## जीआरसी में रन फॉर विक्ट्री का आयोजन

जबलपुर। 1971 के भारत पाक युद्ध की 50 वीं वर्षगांठ को दी ग्रेनेडियर्स रेजिमेंट सेंटर द्वारा स्वर्णिम पराक्रम वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इस श्रृंखला में आज दी ग्रेनेडियर्स रेजिमेंट सेंटर में रन फॉर विक्ट्री (विजय रन) का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि कमाडेंट दी ग्रेनेडियर्स रेजिमेंटल सेंटर ने हरी दिखाकर रन फॉर विक्ट्री (विजय रन) का शुभारंभ किया । ग्रेनेडियर्स रेजिमेंट भारतीय सेना की सबसे पुरानी एवं श्रेष्ठतम रेजिमेटों में से एक है। ग्रेनेडियर्स बटालियनों ने 1971 के भारत पाक युद्ध में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। ग्रेनेडियर्स रेजिमेंट की बटालियनों ने पश्चिमी मोर्चे पर जरपाल,चकरा, बसंतर, बिजनॉट नया छोर और दारूचियान एवं पूर्व में भरूंगा मारी में सक्रिय रूप से भाग लिया था। इस युद्ध में ग्रेनेडियर्स रेजिमेंट चकरा एवं जरपाल बेटल ऑनर से सम्मानित किया गया था।।

### संजीवनी नगर में श्री महावीर स्वामी का भव्य मंदिर निर्माण

# मंत्र उच्चारण के साथ हुआ भूमि पूजन, बेदी शिलान्यास

**जबलपुर।** गढ़ा,संजीवनी नगर में नवनिर्मित श्री महावीर स्वामी जी भगवान के भव्य मंदिर निर्माण का आज भूमि पूजन व बेदी शिलान्यास आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज जी के आशीर्वाद से व प्रतिष्ठाचार्य बा. ब्र.धीरज भैया जी (राहतगढ़)व सम्मेद गिरी तीर्थ से पधारे बा.ब्र. पीयूष भैया जी, बा.ब्र.अभिषेक भैया व बा.ब्र.भोला भैया जी के निर्देशन में व जैन पंचायत सभा, जैन नवयुवक सभा, जबलपुर के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में मधुरमय संगीत के साथ-साथ उच्च मंच उच्चारणों के साथ संपन्न हुआ। इस भव्य श्री महावीर मंदिर निर्माण कार्य का भूमि पूजन व वेदी शिलान्यास कार्यक्रम में नगर सकल जैन समाज से पधारे राजकुमार जैन काक्का, मुकेश जैन फड़नीस,सनत जैन अनिल जैन महावीर पूजन मंडल के सभी सदस्यों सहित संजय सिंघई (अमृततीर्थ) राजू स्टाइल, रमेश चंद, नीरज जैन, आनंदीलाल जैन(महाराजपुर) प्रकाश चंद जैन (कटनी) चक्रेश जैन (लखनादौन) अनूप जैन (भोपाल) सहित वीर सावरकर वार्ड के पार्षद संजय राठौड़, अरुण जैन सहित नगर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन नितेश-प्रमोद जैन बाहुबली ने किया।



## सर्व ईसाई महासभा के जिला अध्यक्ष के रूप में शान कुमार ने ली शपथ



जबलपुर। सर्व ईसाई महासभा के 7वां स्थापना दिवस मनाया गया एवं नव नियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम हुआ जिसमें पा. अभिषेक सैमुएल ने जिला संयोजक, शान कुमार जिला अध्यक्ष, डेन्जिल आंग्रे सचिव, रेजीनॉल्ड जेकब कोषाध्यक्ष, फ्रांसिस मरियाना, पा. वैभव जोशुआ उपाध्यक्ष, विकास डेविड सह कोषाध्यक्ष, शिमोन सागर मीडिया प्रभारी, भावना शर्मा महिला प्रकोष्ट अध्यक्ष, आशीष डेनियल खेल प्रकोष्ठ प्रभारी, विल्सन मैनुअल अध्यक्ष सीनियर सिटीजन, प्रभाकर चक्रे संयोजक, डेविड समाधानम अध्यक्ष युवा मोर्चा ने शपथ लिया, शपथ ग्रहण राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष मा. डेविड फ्रांसीस जी ने दिलाया, एवं मंच का संचालन पा. स्टैनली सुकुमार ने किया ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष जेरी पॉल ने उपस्थित लोगों को संबोधित कर कहा कि एकता में ही शक्ति है संगठन देश की उन्नति के लिए मिलकर सहयोग करेगा और भलाई के काम करेगा । प्रदेश अध्यक्ष अजय पीटर जी ने नव नियुक्त पदाधिकारियो को शुभकामनाएं प्रेषित किया ।इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष रॉनी साल्वी, प्रदेश संगठन मंत्री विनोद चेम्बर्स, प्रदेश प्रभारी आशीष सालोमन, बिशप एस. के आशावान, बिशप पीटर जॉनसन, रेव्ह अगस्टीन रॉव, पास्टर डेविड लाल, पास्टर श्याम बाबू, पास्टर प्रशांत डेविड, पास्टर जी. एसैया, पास्टर वहाब और जबलपुर के सभी ईसाई धर्म गुरु एवं मसीह जान उपस्थित रहे।




## जागरूकता ही बचाव का टीका :-डॉ संजय मिश्रा

जबलपुर । राष्ट्रीय सेवा योजना श्री जानकी रमण महाविद्यालय के तत्वावधान में रासेयो रेड रिबबन द्वारा विश्व एड्स दिवस के अवसर पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि में डॉसंजय मिश्रा ने कहा कि जागरूकता से ही से है। और सरकार भी विभिन्न स्तर पर प्रयास किया जा रहा हर उसी का परिणाम है कि तीन वर्षो से एड्स के मामलों में गिरावट आ रही है। कार्यक्रम के अध्यक्ष अभिजात कृष्ण त्रिपाठी ने कहा कि सरकार के साथ-साथ हमे भी रचनात्मक भूमिका निभाते हुये जन सामान्य को इसके के उपायों को बताते हुये प्रचार-प्रसार करना चाहिए। रासेयो स्वयं सेवक प्रांजल रिछारिया ने एड्स के विषय में तथ्यपरक आकड़ों सहित सारगर्भित जानकारी प्रदान की । आयोजन में अतिथि के रूप में व्यंगकार अभिमन्यु जैन,साहित्यकार यु. एस दुबे एवं राज सागरी मौजूद रहे। संचालन रासेयो के जिला ठा.आनंद सिंह राणा ने किया तथा रासेयो अधिकारी अजय मिश्रा ने अतिथियों के प्रति आभार किया।

# जबलपुर खाद लेने आ रहे किसान को लोडिड वाहन ने कुचला : मौत



**जबलपुर यशभारत।** माढ़ोताल थाना के सूरतलाई में गांव से खेत के लिए खाद्य लेने आ रहे किसान को लोडिड वाहन ने कुचल दिया। किसान सायकिल से जबलपुर आ रहा था। हादसे के बाद अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया। आनन-फानन में राहगीरों ने किसान को एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां उसकी इलाज के दौरान दर्दनाक मौत हो गयी। जानकारी अनुसार अनिल कुमार पटैल ने बताया कि उनके बड़े भाई विनीत पटैल 55 वर्ष कटंगी थाना क्षेत्र के बिलखिरवा निवासी है और पेशे से किसान है। जो गुरुवार को सायकिल से खाद्य लेने के लिए जबलपुर आ रहे थे।

### टूट गयी थी कमर

अनिल कुमार ने बताया कि सूरतलाई रिलायंस वेयरहाउस के सामने उनकी सायकिल को किसी अज्ञात लोडिड वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में उनकी कमर टूट चुकी थी। जिसके बाद राहगीरों ने परिजनों को सूचना दी और जख्मी हालत में विनीत पटैल को अस्पताल में भर्ती करवाया। किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी परिजनों ने बताया कि विनीत पटैल की बिलखिरवा में करीब पांच एकड़ जमीन है। दो बच्चे है, जो दिनभर खेत में मजदूरी करते है। उनकी किसी से काई दुश्मनी नहीं थी। पुलिस ने शव को पीएम हेतु भेजते हुए मर्ग कायम कर, मामला जांच में लिया है।

## बाइकों में भिंड़त : बाल-बाल बचे दो युवक, मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त

जबलपुर यशभारत। रांझी थाना अंतर्गत अस्पताल जा रहे बाइक सवार को सामने से आ रही बेलगाम बाइक सवार ने सीधी टक्कर मार दी। गनीमत यह रही कि घटना में दोनों बाइक सवारों की जान बच गयी। लेकिन पीड़ित की बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी। पुलिस ने मामला कामय कर, जांच में लिया है। जानकारी अनुसार पुलिस को सोनपुर, थाना खमरिया निवासी दीपेन्द्र महोबिया ने बताया कि वह अस्पताल में खाना देने जा रहा था। तभी रांझी चौराहे पर सामने से आ रही बाइक क्रमांक एम 20 एनएस 8885 के चालक ने टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने आनन-फानन में पीड़ित को चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध करवाई। पुलिस फरार आरोपी को तलाश करने में जुटी है।

## सुबह उठकर देखा तो गायब मिली बुलेट

जबलपुर यशभारत। चोरों के हौसले सांतवे आसमान पर है। जिसका एक मामला उस वक्त सामने आया जब राइट टाउन स्थित घर के सामने से दरमियानी रात डेढ़ लाख की बुलेट चोरी हो गई। जिसके बाद पीड़ित ने थाने पहुंचकर शिकयत की। पुलिस ने मामला दर्ज कर, सीसीटीव्ही फुटेज खंगाल रही है। पुलिस ने बताया कि राइट टाउन निवासी कृष्ण पाल सिंह 49 वर्ष, पिता उजियार सिंह ठाकुर ने शिकायत दर्ज करवाई कि रात में रॉयल इनफील्ड बुलेट क्रमांक एमपी 20 एनजी 6048 को घर के सामने खड़ा कर, सपरिवार सो गए थे। सुबह उठकर देखा तो बाइक गायब थी। पुलिस आरोपियों को तलाशने सीसीटीव्ही फुटेज खंगाल रही है।



जानकारी देते एडिशनल एसपी संजय अग्रवाल

# शराब पीकर वाहन चलाने वालों की खैर नहीं

**जबलपुर यशभारत।** सड़क हादसों को रोकने के लिए पुलिस ने कमर कस ली है। जिसके चलते अब शराब पीकर वाहन चलाने वालों की खैर नहीं है। पुलिस लगातार वाहन के साथ वाहन चालकों की भी चैंकिंग कर रही है। पुलिस का मामना है कि शराब पीकर वाहन चलाने के कारण शहर में सड़क हादसों में इजाफा हो रहा है। जिसपर अंकुश लगाने के लिए एएसपी संजय अग्रवाल टीम के साथ सड़क पर उतरे। इस दौरान अनेक वाहनों को पुलिस ने जब्त किया। सुप्रीम कोर्ट से बनी कमेटी के निर्देश पर यातायात पुलिस सक्रिय हो गयी है। सड़क हादसों का लगातार बढ़ रहे ग्राफ के चलते शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर पुलिस सख्त कार्रवाई कर, वाहनों को जब्त करने की कार्रवाई कर रही है। गुरुवार की रात थाना सिविल लाइन रेल्वे पुल नंबर एक में चैकिंग अभियान के चलते पुलिस की कार्रवाई के दौरान अनेक वाहन चालकों ने पुलिस के अभियान को धता बताते हुए धड़ल्ले से शराब पीकर वाहन चला रहे थे। जिसके बाद उनके वाहन जब्त किए गए। एएसपी श्री अग्रवाल ने कहा कि कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

**यातायात एडिशनल एसपी संजय अग्रवाल, थाना प्रभारी पल्लवी पांडे ने की कार्रवाई, अनेक वाहनों को किया जब्त**

# मेडिकल यूनिवर्सिटी में सवा घंटे देर से शुरू हुई बीपीटी की परीक्षा

**बगैर सूचना के बना दिया सेंटर कॉलेज प्रबंधन ने दर्ज कराई आपत्ति छात्र हुए परेशान**

**जबलपुर,यशभारत। मेडिकल यूनिवर्सिटी ने बिना पूर्व सूचना के ही बीपीटी फोर्थ ईयर की परीक्षा आयोजित कर मेडिकल कॉलेज को सेंटर बना दिया, लेकिन इसकी जानकारी कॉलेज को बाद में दी गई। जिसके चलते छात्रों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा।**



इतना ही नहीं इस कारण परीक्षा करीब सवा घंटे देर से शुरू हुई। जानकारी अनुसार बीपीटी की परीक्षा जबलपुर मेडिकल यूनिवर्सिटी ने बुधवार को आयोजित कर मेडिकल कॉलेज को सेंटर बना दिया, लेकिन इसकी जानकारी कॉलेज को देर रात में दी गई । आनन - फानन में कॉलेज प्रबंधन ने परीक्षा कराई जिसके चलते करीब सवा घंटे देर से परीक्षा शुरू हो पाई । इस कारण छात्रों को परेशानी का सामना करना पड़ा ।

### दुरुस्त नहीं हो रहीं व्यवस्थाएँ

जबलपुर मेडिकल कॉलेज की व्यवस्थाएं सुधरने का नाम नहीं ले रही हैं । कभी परीक्षाओं के लिए पेपर देर से भेजे जाते है तो कभी परीक्षा केंद्र बनाए जाने की सूचना नहीं देने की शिकायतें अब आम हो चली हैं । इसका खामियाजा छात्रों के साथ -साथ कॉलेज प्रबंधन को उठाना पड़ता है । जबलपुर मेडिकल यूनिवर्सिटी ने बीपीटी फोर्थ ईयर की परीक्षा का सेंटर जीआरएमसी को बना दिया । इसकी जानकारी मेल पर मंगलवार देर रात को दी गई । बुधवार को दोपहर 2 से 5 बजे की पाली में बीआईएमआर और कैंसर हॉस्पिटल के छात्र परीक्षा देने कॉलेज पहुंच गए । कॉलेज प्रबंधन ने उनसे कहा कि परीक्षा होने की उनके पास कोई जानकारी नहीं आई है । इसके बाद कॉलेज प्रबंधन ने यूनिवर्सिटी परीक्षा नियंत्रक को फोन कर अपनी आपत्ति दर्ज कराने के साथ ही परीक्षा कराने की व्यवस्था की ।

# भाजपा का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर

**जबलपुर यशभारत।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा संगठन पदाधिकारियों के लिए जिला स्तर पर तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन भेड़ाघाट में किया गया है। जहां तीन दिनों तक जिले के पदाधिकारियों को अलग-अलग विषयों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिसमें संगठन संरचना, बूथ लेबिल मेंनेजमेंट, मीडिया प्रबंधन सहित अनेक विषयों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिसमें संगठन पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष व मंडल के मंत्री शामिल हो रहे हैं, जो तीन दिनों तक वहां रहकर प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। प्रशिक्षण के दौरान केंद्र सरकार की योजनाओं व राज्य की योजनाओं पर भी विमर्श हुआ। कार्यशाला में प्रशिक्षण के साथ- साथ फिल्म के माध्यम से भी पार्टी की विचारधारा और कार्य पद्धति से अवगत कराया जा रहा है।

19वीं म.प्र.छ.ग.न्यूरोकोन कॉन्फ्रेंस का आयोजन

# 4 मरीजों का दूरबीन पद्धति से ऑपरेशन, 11 का वॉटोलिनम इंजेक्शन पद्धति से इलाज



**जबलपुर।** 19वीं म.प्र.छ.ग.न्यूरोकोन कॉन्फ्रेंस का आयोजन आज जबलपुर न्यूरो सोसायटी के तत्वावधान में शुरू किया गया। यह कॉन्फ्रेंस होटल कृष्णा और मेडिकल कॉलेज सुपर स्पेस्लिटी अस्पताल में चल रही है जिसके अंतर्गत दो क्लीनिकल वर्कशाप आयोजित किए गए, जिसमें पहली वर्कशाप मेडिकल कालेज में हुई। इस दौरान मरीजों का दूरबीन पद्धति से आपरेशन किया गया। डॉ. वॉय आर यादव, डॉ. विजय परिहर, डॉ. शैलेन्द्र रात्रे, डॉ. जितिन बजाज ने ऑपरेशन किया एवं मुम्बई से आए हुए डॉ. सुरेश साखला और त्रिवेंद्रम के डॉ. सुरेश नायर की अध्यक्षता में आपरेशन किए गए। जिसमें 50 न्यूरो सर्जन ने इसका लाभ उठाया और अत्याधुनिक तकनीक से अवगत हुए। दूसरी ओर कृष्णा होटल में आयोजित कार्यशाला में कोलकाता से आए हुए डॉ. रिषिकेश कुमार ने वॉटोलिनम इंजेक्शन की पद्धति का इस्तेमाल करते हुए 11 मरीजों का उपचार किया तथा 35 न्यूरोलॉजिस्ट ने इस अत्याधुनिक तकनीक का इस्तेमाल होते देखा और सीखा। जबलपुर न्यूरो सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. हर्ष सक्सेना व सचिव डॉ. तरूण नागपाल ने बताया कि इस कॉन्फ्रेंस की अध्यक्षता डॉ विनोद राय व डॉ प्रतीक शर्मा ने की जो कि भोपाल व इंदौर से आए हैं। डॉ. एमएस जोहरी, डॉ. पवन सोनी, डॉ. अनुमिति जैन, डॉ अनुपम साहनी, डॉ नम्रता खण्डेलवाल, डॉ जाकिर हुसैन मौजूद रहे।

# कांस्य पदक विजेता लॉरेन्स मार्टिन हुए सम्मानित



**जबलपुर।** गोवा के मडगांव में आयोजित ऑल इंडिया वेटरन क्लासिक बैंच प्रेस प्रतियोगिता में जबलपुर मिषन हेल्थ क्लब के संचालक एवं कोच लॉरेन्स मार्टिन द्वारा कांस्य पदक हासिल करने और शहर का नाम गौरान्वित करने पर जागरूक खेल संघ द्वारा उन्हे मोमेन्टों एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गयी। इस अवसर पर आलोक मिश्रा, रॉबर्ट मार्टिन, राकेश श्रीवास, मीनूकांत शर्मा, स्टेनली नॉबर्ट, जियाउर्रहीम, राजेन्द्र सिंह, दिनेष गौंड़, गुरूचरन श्रीवास्तव, दिनेष राव, नरेन्द्र रजक, दीनू स्वामी, जुबेर कुरेषी, कुलदीप सिंह, दिनेष गौंड़, बॉबी खान, तेजभान सिंह, मुन्नालाल कतिया, राजकुमार यादव, आदि ने उपस्थित होकर विजेता खिलाड़ी को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# स्टेशन में अवैध रूप से खाद्य सामग्री बेचना तीन वेंडरों को पड़ा महंगा

**जबलपुर यश भारत।** जबलपुर रेल मंडल में अवैध वेंडरों के खिलाफ जारी अभियान के तहत गुरुवार को मंडल के सभी स्टेशनों पर अवैध रूप से घुसने वाले वेंडरो को पकड़ने की मुस्तैद व्यवस्था रेलवे वाणिज्य विभाग ने की थी। रेलवे की इस घेराबंदी में जबलपुर स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक 5 के मदन महल छोर से प्रवेश वाले 3 वेंडरो को खाद्य सामग्री के साथ वाणिज्य विभाग की टीम ने दबोच लिया। इस संबंध में मंडल वाणिज्य प्रबंधक सुनील श्रीवास्तव ने बताया कि संघमित्रा एक्सप्रेस गाड़ी के आगमन पर प्लेटफार्म क्रमांक 05 के मदन महल छोर से सेवक राम बर्मन, अच्छेलाल तथा शिवपूजन ने खाद्य सामग्री स्वरूप पके चावल तथा चाय आदि सामग्री लेकर



जैसे ही प्रवेश किया तभी मुस्तैद वाणिज्य विभाग की टीम ने उन्हें पकड़ लिया। पकड़े गए इन वेंडरों के पास खाद्य सामग्री बैचने का कोई लाइसेंस अथवा प्रमाण पत्र न होने पर तीनों को अवैध रूप से स्टेशन में खाद्य सामग्री बैचने के जुर्म में रेल पुलिस बल को सौंप दिया गया । उल्लेखनीय है कि इन दिनों मंडल में रेलवे स्टेशनों पर तथा चलती रेल गाड़ी में अवैध रूप से

**संघमित्रा आते ही स्टेशन में घुसे थे तीनो**

वेल्डिंग करने वाले, अमानक स्तर का खाद्य पदार्थ अधिक दर पर बेचने के वालों के विरुद्ध मुख्यालय के शीर्ष अधिकारियों के निर्देश पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज कटनी मुड़वारा स्टेशन पर रेलवे अधिकारियों ने शिविर लगाकर भी वेंडरों के पहचान पत्र तथा लाइसेंसी ठेकेदारों के स्थलों की जांच की। इस शिविर में कटनी के 13 लाइसेंसियों के 91 वेंडरों के पहचान पत्र सही पाए गए। मंडल में चल रहे इस अभियान से स्टेशनों पर तथा ट्रेनों में अवैध रूप से खाद्य सामग्री बेचना पूर्णत: प्रतिबंधित है।

### सराफा एसोसिएशन ने एसपी को ज्ञापन सौंपा

**जबलपुर।** विगत दिवस सराफा व्यवसाय पद पदमेन्द्र सोनी उर्फ गुड्डू जिनकी आशीर्वाद स्वर्ण मार्केट नुनहाई में दुकान है उनके ऊपर पप्पू सोनी व्दारा झूठी रिपोर्ट लिखा कर मुकदमा दर्ज कराया था जिसके विरोध में आज सराफा एसोसिएशन जबलपुरने जबलपुर एसपी श्री सिद्धार्थ बहुगुणा को ज्ञापन सौंपा और सारी घटना की जानकारी दी एसपी महोदय ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तुरंत जांच अधिकारी नियुक्त कर कर इस घटना की जांच

**किराय से देना है**

1230 स्क्वायर फीट गोदाम किराय से देना है। बल्देवबाग उखरी रोड, पुलिस चौकी के बाजू में।
मो. 9098608815
9329981331

**डीवा ऑनलाइन ब्यूटी पेगमेंट का आयोजन संपन्न**

# डीवा मेंबर ने बिखेरा खूबसूरती का जलवा



**जबलपुर यशभारत।** डीवा क्लब मेंबर्स ने जब अपनी खूबसूरती का जलवा बिखेरा तो देखने वाले देखते ही रह गए। टैलेंट राउंड में मेंबर्स ने जहां ज्यूरी द्वारा पूछें गए हर एक सवालों के बड़े ही खूबसूरती से जवाब दिए तो वही रैंप में जब मेंबर्स ने वॉक की तो यह नजारा देखते ही बनता था। मौका था डीवा क्लब द्वारा आयोजित डीवा ऑनलाइन ब्यूटी पेगमेंट का। ऑनलाइन किए गए इस आयोजन में क्लब मेंबर ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। डीवा क्लब की प्रेसिडेंट प्रियंका कलचुरी अग्रवाल ने बताया कि ऑनलाइन फंक्शन में रिंचा मैत्रा और प्रीति कुमार ने वीडियो कॉल के माध्यम से जहां क्लब मेंबर्स का परफॉर्मेंस देखा वही उनसे ऑनलाइन सवाल भी पूछे। इस ऑनलाइन कंपटीशन में क्लब की 25 मेंबर्स ने हिस्सा लिया जिसमें से 15 मेंबर सेलेक्ट किए गए। प्रोग्राम आयोजित करने में शुरू से आखरी तक क्लब की डायरेक्टर नीतू शाह, दिव्या गुलाटी कोमल अडनानी ,मंजूँ अग्रवाल जसवीन छाबड़ा समेत अन्य की महत्वपूर्ण भूमिका रही। प्पूरा फंक्शन ऑनलाइन आयोजित किया गया वही क्लब के फंक्शन में रिजल्ट डिक्लेअर किया गया। उन्होंने बताया कि कोविड-19 और लॉकडाउन के चलते भी डीवा क्लब द्वारा मेंबर्स के लिए कई सारे ऑनलाइन आयोजन भी किए गए। जिसमें डीवा फेमिना अवार्ड अहम था। अवॉर्ड फंक्शन में शहर की सभी नामी हस्तियों को सम्मानित किया गया ।जिसमें पहली स्थान लेकर ताज जीता प्रियंका माहेश्वरी ने तथादुसरे स्थान पर अलका जगवानी व शिखा जैन और तीसरे स्थान पर रूबी जैन व संगीता गुप्ता रहीं।

# ए आई डी ई एफ के महासचिव आज आयेंगे

**3दिनी प्रवास के दौरान आयुध फैक्ट्रियों मे संबोधित करेंगे**



**जबलपुर यशभारत।** आल इंडिया डिफेंस एम्पलाइज फेडरेशन(ए आई डी ई एफ) के राष्ट्रीय महासचिव कॉमरेड सी श्री कुमार का आज शाम वायुयान से जबलपुर आगमन हो रहा है ।अपने प्रवास के दौरान3 दिन तक वे सभी निर्माणी में द्वार सभा कर आयुध निर्माणी के निगमीकरण के विरोध में फेडरेशन की सभी गतिविधियों के साथ निगमीकरण के खिलाफ दायर की गई याचिका की संपूर्ण जानकारी एवं भविष्य में आने वाली चुनौतियों के खिलाफ कैसे संघर्ष और विरोध करना है। इन सभी विषयों पर पूर्ण जानकारी देंगे । इस अवसर पर आयुध निर्माणियों के श्रमिक नेता रामप्रवेश वरिष्ठ नेता अनिल शर्मा मिठाई लाल रजक श्रीराम मीना अर्नब दासगुप्ता पुस्पेंन्द्र सिंह नितिन चाकर नितेश सिंह अमरीश राकेश रंजन ने सभी कार्यकर्ताओं को सभी सभाओं में उपस्थिति की अपील की है ।

# लाल-नीले के साथ भगवा तिरंगा का सीधा मुकाबला

**ओ एफ के वर्क्स कमेटी चुनाव में नाम वापसी के बाद स्थिति**

जबलपुर यशभारत ।आगामी11दिसंबर को होने वाले वर्क्स कमेटी चुनाव में कल गुरुवार को नामांकन वापिसी के बाद पूरी स्थिति साफ हो गई है। अब संयुक्त रूप से लाल झंडे की लेबर यूनियन और एस सी एस टी यूनियन के साथ संयुक्त रूप से कामगार यूनियन के साथ कर्मचारी यूनियन(इंटक) का मुकाबला तय हो गया है। उल्लेखनीय है कि औद्योगिक विवाद अधिनियम1948के तहत कारखानों में वर्क्स कमेटी चुनाव अहम होता है ।खमरिया मे आगामी11दिसंबर को होने वाले वर्क्स कमेटी चुनाव मे कल गुरुवार को नाम वापसी का अंतिम दिन था ।वर्क्स कमेटी में29उम्मीदवारों ने पर्चे भरे थे ।जिसमें से9उम्मीदवारों के नाम वापसी के बाद दोनों मोर्चे के10-10उम्मीदवार होने के सीधा मुकाबला होगा ।वहीं केंटीन कमेटी के चुनाव के लिए दोनों मोर्चे के4-4उम्मीदवार आमने सामने हैं। आज चुनाव चिन्ह वितरण के साथ ही प्रचार प्रसार तेज हो जाएगा। बता दें कि पिछले चुनाव में लाल झंडा और तिरंगा झंडा यूनियन ने मिलकर चुनाव लड़कर5-5सीटें जीती थी ।उस समय कामगार यूनियन भगवा झंडे ने नीले झंडे यानि एस सी एस टी यूनियन के साथ मिलकर चुनाव ल?ा था ।लेकिन एक भी सीट नहीं हासिल नहीं कर पाई थी ।इस बार चुनाव परिदृश्य अलग है लाल झंडे की यूनियन ने नीले झंडे के साथ मिलकर चुनाव में उतरने का फैसला लिया ।वहीं इंटक यानि तिरंगा यूनियन ने भगवा यानि बीपीएमएस के साथ चुनाव में उतरने का निर्णय लिया है ।कर्मचारी किस मोर्चे पर अपना विश्वास जताते हैं यह11दिसंबर को चुनाव के बाद होने वाली मतगणना मे कुछ ही सामने आ जाएगा ।खमरिया वह पहली फैक्टरी है जहां ई वी एम से मतदान होना है।

**कार्यालय जबलपुर विकास प्राधिकरण, जबलपुर**

क्र./सम्पत्ति/जविप्रा/2021 / 2964 — जबलपुर, दिनांक 02/12/2021

**भूखण्ड हस्तांतरण/मृत्यु उपरांत नामांकन किये जाने हेतु जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण के निम्नलिखित भूखण्डधारियों द्वारा हस्तांतरण/मृत्यु उपरांत नामांकन किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये हैं। यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञापन प्रकाशन तिथि के 15 दिवस की अवधि में अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय जबलपुर विकास प्राधिकरण ब्लाक क्र.7अ सिविक सेंटर मढ़ाताल, जबलपुर में प्रस्तुत करें अन्यथा उक्त संपत्ति में वांछित कार्यवाही कर दी जावेगी, जिसके बाद कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

**हस्तांतरण की जाने वाली संपत्ति का विवरण**

| क्र. | यो.क्र. | भू/भ/दु.क्र./ | विक्रेता का नाम एवं पता | क्रेता का नाम एवं पता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 11 | भूखण्ड क्र. 649 | श्रीमती कल्पना जैन पति स्व. श्री महेन्द्र कुमार जैन, पता-11/649, स्नेह नगर कमला नेहरू नगर, जबलपुर | 1. श्रीमती सुनीता सिंघई पति श्री आलोक प्रकाश सिंघई 2. श्रीमती पल्लवी सिंघई पति श्री वैभव सिंघई पता-601, ए ब्लाक मुस्कान हाइट नेपियर टाउन, जबलपुर |

**मृत्यु उपरांत नामांकन की जाने वाली संपत्ति का विवरण**

| क्र. | यो.क्र. | भू/भ/दु.क्र. | आवेदक का नाम पता | विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2A | भूखण्ड क्र. एम-71 | श्री मुकेश कुमार श्रीवास्तव, पिता स्व. श्री सुशील कुमार श्रीवास्तव पता 256 नरसिंह वार्ड, महानदा जबलपुर | श्री सुशील कुमार श्रीवास्तव की मृत्यु उपरांत आवेदकों द्वारा स्वयं के नामे नामांकन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। |
| 2 | 5 | भूखण्ड क्र. 387 | श्रीमती सावित्री राय एवं सिद्धार्थ राय पति /पिता स्व. श्री देवी प्रसाद राय पता-104 मोहित हाइटस अपार्टमेंट, होम साइंस कालेज के पास, जबलपुर | श्री देवी प्रसाद राय की मृत्यु उपरान्त आवेदकों द्वारा स्वयं के नामे नामांकन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। |
| 3 | 2A | व्यय.भूखंड क्र.5 | श्रीमती श्वेता सिंह पति श्री तारकेश्वर सिंह पता-म.नं. 999, शक्ति नगर, जबलपुर | श्रीमती सिंहासिनी देवी सिंह की मृत्यु उपरांत आवेदिका द्वारा स्वयं के नामे नामांकन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। |
| 4 | 9 | भूखण्ड क्र. 553 | श्रीमती उमाराशि राय पति स्व. श्री शिखर चंद राय पता-553, शांति नगर, दमोहनाका, जबलपुर | श्री प्रकाश कुमार राय की मृत्यु उपरांत आवेदिका द्वारा स्वयं के नामे नामांकन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। |

सम्पत्ति अधिकारी
जबलपुर विकास प्राधिकरण, जबलपुर



# भोपाल के केकरिया जंगल में बाघ का मूवमेंट देखने लगाया सीसीटीवी कैमरा चोरी

**भोपाल।** शहर के रातीबड़ थाना क्षेत्र स्थित चीचली बीट पर वन-?य क्षेत्र में बाघ के मूवमेंट की निगरानी के लिए लगाया गया सीसीटीवी कैमरा अज्ञात चोरों ने चुरा लिया। पुलिस ने वन रक्षक की शिकायत पर चोरी का प्रकरण दर्ज करते हुए छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस इस बारे में आसपास के ग्रामीणों से भी पूछताछ कर रही है। रातीबड़ थाने के एएसआइ नीतेश काकोरिया ने बताया कि सचिन परते वन विभाग में वनरक्षक हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि चीचली बीट पर केकरिया के जंगल में बाघ के मूवमेंट पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। एक कैमरा केकरिया गांव में जाने वाली कच्ची सड़क से नजदीक ही पेड़ पर लगाया था। कैमरा महज ढाई फीट की ऊंचाई पर पेड़ से बांध दिया गया था। उक्त कैमरा बुधवार को किसी ने चुरा लिया। सचिन परते का कहना है कि कैमरा बाघ के मूवमेंट पर करीब से नजर रखने के लिए था, इसलिए उसे कम ऊंचाई पर लगाया था। अनुमान है कि सड़क से आते-जाते किसी की नजर उस कैमरे पर पड़ी उसने उसे चुरा लिया। वहां से प्रतिदिन गांव के कुछ लोगों का गुजरना होता है। चोरी गए कैमरे की कीमत 15 हजार रुपये बताई जा रही है।

### वन विभाग ने शुरू की जांच

वन विभाग ने कैमरा चोरी में भी अलग से जांच शुरू कर दी है। कैमरा लगाने की सूचना किसके पास थी, उसकी सुरक्षा का जिम्मा किसको दिया गया था। उसे सबसे पहले किसने देखा और चोरी की सूचना सबसे पहले किसे मिली, इस बिंदुओं के आधार पर वन विभाग का अमला जांच में जुटा है।

# त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव

## जिला पंचायत अध्यक्ष पद का आरक्षण 14 दिसंबर को!

### जिला पंचायत अध्यक्ष के विभिन्न वर्गों के पद लाटरी से किए जाएंगे आरक्षित

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव का रास्ता साफ हो गया है। पंचायत विभाग ने जिला पंचायत अध्यक्ष पद के लिए आरक्षण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। 14 दिसंबर को भोपाल स्थित जल एवं भूमि प्रबंध संस्थान (वाल्मी) में आरक्षण की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।




विभाग ने इस संबंध में सभी कलेक्टर और मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत को निर्देश जारी कर दिए हैं। अध्यक्ष पद के लिए अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी), अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और सभी वर्गों की महिलाओं के लिए लाटरी निकाली जाएगी।गौरतलब है कि प्रदेश में पिछले ढाई साल से पंचायत चुनाव टल रहे है। जिला पंचायत अध्यक्ष पद के आरक्षण की प्रक्रिया शुरू करने के अलावा मतदाता सूची को अंतिम रूप दिया जा रहा है। दरअसल, कांग्रेस सरकार ने वर्ष 2019 में परिसीमन और आरक्षण किया था। उसे भाजपा सरकार ने निरस्त कर दिया है इसलिए अब वर्ष 2014 के परिसीमन और आरक्षण के आधार पर चुनाव कराए जाने हैं।इस आधार पर अब मतदाता सूची तैयार की जा रही है। जिसका अंतिम प्रकाशन छह दिसंबर को किया जा रहा है। यह प्रक्रिया पूरी होते ही राज्य निर्वाचन आयोग चुनाव की तारीख घोषित कर सकता है। उल्लेखनीय है कि सरकार वर्ष 2019 के परिसीमन और आरक्षण को निरस्त कर अध्यादेश ला चुकी है। अब विधानसभा के 20 दिसंबर से शुरू हो रहे शीतकालीन सत्र में संशोधन विधेयक प्रस्तुत किया जाएगा।

### कार्यक्रम की सूचना चस्पा करेंगे कलेक्टर

पंचायत विभाग ने कलेक्टर कार्यालय, संचालक पंचायत राज संचालनालय और सभी जिला पंचायत कार्यालयों में आरक्षण की सूचना चस्पा करने के निर्देश दिए हैं। ताकि आरक्षण की जानकारी सभी को मिल जाए।

### आरक्षण पर कांग्रेस को आपत्ति

जिला पंचायत अध्यक्ष पद के लिए आरक्षण कराने पर कांग्रेस को आपत्ति है। पार्टी का कहना है कि जब ग्राम पंचायत और जनपद पंचायत के चुनाव वर्ष 2014 के आरक्षण के आधार पर कराए जा रहे हैं, तो जिला पंचायत अध्यक्ष पद के लिए नए सिरे से आरक्षण क्यों किया जा रहा है। त्रि-स्तरीय पंचायत राज संगठन के पदाधिकारियों ने जबलपुर हाई कोर्ट और इंदौर, ग्वालियर बेंच में अध्यादेश के नियमों को चुनौती दी है। संगठन के संयोजक डीपी धाकड़ कहते हैं कि आधा चुनाव वर्ष 2014 के आरक्षण से और आधे के लिए नया आरक्षण। यह तो संविधान की भावना के खिलाफ हो रहा है। वे कहते हैं कि संविधान में व्यवस्था दी गई है कि चक्रानुक्रम में आरक्षण होगा। यानी हर बार आरक्षण कराना है। फिर वर्ष 2014 के आरक्षण को मानना सरासर गलत है। उन्होंने कहा कि आरक्षण व्यवस्था को लेकर कोर्ट में मामला पहुंच चुका है। सरकार वास्तव में चुनाव कराना ही नहीं चाहती है इसलिए प्रक्रिया को उलझाया जा रहा है।

### मप्र प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड




# प्राथमिक शिक्षक भर्ती परीक्षा की समय-सारिणी जारी

**भोपाल।** प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड (पीईबी) ने प्राथमिक शिक्षक भर्ती परीक्षा (वर्ग-3) की समय-सारिणी जारी कर दी है। परीक्षा अगले साल पांच मार्च को होगी। पीईबी ने इस परीक्षा में शामिल होने के लिए नए अभ्यर्थियों को डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डाट पीईबी डाट एमपी डाट जीओवी डाट आइएन पर आनलाइन आवेदन करने का एक और मौका दिया है। पिछले साल जो लोग आवेदन नहीं कर पाए थे, वे 14 दिसंबर से आवेदन कर सकेंगे। आवेदन 28 दिसंबर तक भरे जाएंगे। संशोधन दो जनवरी 2022 तक किया जा सकेगा। स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों से मिली जानकारी के मुताबिक यह भर्ती परीक्षा नहीं, बल्कि पात्रता परीक्षा है। परीक्षा के बाद स्कूल शिक्षा विभाग, जनजातीय कार्य विभाग एवं अन्य निजी स्कूल अपने स्तर पर पद निकालकर भर्ती कर सकेंगे। नवीन आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों की न्यूनतम आयु एक जनवरी 2021 को 18 वर्ष होनी चाहिए।बता दें कि प्राथमिक शिक्षक भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया 20 जनवरी से शुरू की गई थी। इसमें पहली बार में पीईबी की परीक्षा के लिए छह लाख 25 हजार आवेदन प्राप्त हुए थे। इसमें 15 फीसद आवेदन अन्य राज्यों से प्राप्त हुए थे।

### दो पाली में ढाई घंटे का होगा पेपर

दो पाली में परीक्षा ली जाएगी। पहली पाली की परीक्षा सुबह नौ बजे से 11.30 बजे तक और दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर दो बजे से शाम 4.30 बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा केंद्रों पर रिपोर्टिंग के लिए एक घंटे पहले पहुंचना होगा।

# दो दिन और बारिश का अनुमान



**भोपाल।** बुधवार शाम से बदला मौसम का मिजाज गुरुवार को भी बरकरार रहा। प्रदेश के कई हिस्सों में आकाश में घने बादल छाए रहे और अधिकतर हिस्सों में बारिश हुई। शुक्रवार और शनिवार को बड़वानी, आलीराजपुर, झाबुआ, धार, इंदौर, रतलाम एवं उज्जैन में गरज चमक के साथ बिजली गिरने की संभावना है। वहीं, भोपाल, नर्मदापुरम (होशंगाबाद), ग्वालियर, चंबल, इंदौर व उज्जैन संभागों के जिलों में तथा सागर, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, दमोह, सीधी एवं सिंगरौली जिले में गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने का अनुमान है। मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्व वरिष्ठ मौसम विज्ञानी ने बताया कि चक्रवाती तूफान जवाद का असर प्रदेश में नहीं पड़ रहा है। वातावरण में हवाओं के साथ नमी आने से इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, चंबल संभागों के जिलों में कहीं-कहीं बारिश शुरू हो गई है। राजधानी में भी बूंदाबांदी हुई। अब अगला पश्चिमी विक्षोभ चार दिसंबर को सक्रिय होगा। इसके कारण पांच दिसंबर के बाद प्रदेश में ठंड बढ़ सकती है। मौसम विज्ञानियों के अनुसार राजधानी में गुरुवार को रात जैसा दिन रहा। अधिकतम तापमान 20.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो कि सामान्य से सात डिग्री कम रहा। वहीं रात का तापमान 16.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो कि सामान्य से तीन डिग्री अधिक रहा। बता दें कि पूर्व-मध्य अरब सागर तक एक ट्रफ बना हुआ है, एक कम दबाव का क्षेत्र भी। उधर, बंगाल की खाड़ी में भी कम दबाव का क्षेत्र बन गया है। इन वेदर सिस्टम के सक्रिय होने से बुधवार को मध्यप्रदेश में मौसम के मिजाज में परिवर्तन आया।

### महानगर में तापमान की स्थिति

शहर--अधिकतम---न्यूनतम
भोपाल--20.7--16.2
इंदौर--16--13.6
ग्वालियर--20.5--14.5
जबलपुर--26.6--13.2

### ऐसा रहा प्रदेश का मौसम

बुधवार शाम से गुरुवार तक 24 घंटे के दौरान इंदौर और उज्जैन संभाग के अनेक स्थानों पर बारिश हुई। न्यूनतम तापमानों में सभी संभागों के जिलों में विशेष परिवर्तन नहीं हुआ। तापमान इंदौर संभाग के जिलों में सामान्य, भोपाल एवं ग्वालियर संभागों के जिलों में सामान्य से विशेष रूप से अधिक, उज्जैन संभाग के जिलों में सामान्य से काफी अधिक व शेष संभागों के जिलों में सामान्य से अधिक रहे। शेष संभागों के जिलों में मौसम मुख्यत- शुष्क रहा।

## पुरानी पेंशन बहाली के लिए कर्मचारी कर रहे

# आंदोलन की तैयारी




**भोपाल।** विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर जब मुख्य राजनीतिक दल सक्रिय हो गए हैं, तो ऐसे में कर्मचारी कहां चुप बैठने वाले थे। शिक्षक और वर्ष 2005 के बाद सरकारी सेवा में आए करीब साढ़े तीन लाख कर्मचारी पुरानी पेंशन की मांग को लेकर आंदोलन की रणनीति तैयार कर चुके हैं। आजाद अध्यापक-शिक्षक संघ ने जहां मनोकामना यात्रा शुरू कर दी है, तो मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच ने भी प्रदर्शन शुरू कर दिया है।कर्मचारियों का कहना है कि नई पेंशन से घर खर्च चलाना संभव नहीं है। वे बताते हैं कि कर्मचारी की सेवानिवृत्ति या मृत्यु के बाद 1200 से 2500 रुपये मासिक पेंशन मिल रही है। ऐसे में आश्रित पत्नी बेटी की शादी करे, बच्चों को पढ़ाए या घर खर्च चलाए। ज्ञात हो कि सरकार ने वर्ष 2010 से नई पेंशन (अंशदायी पेंशन) योजना लागू कर दी है। इसमें 10 प्रतिशत सरकार और 14 प्रतिशत कर्मचारी का अंश रहता है।सरकार ने वर्ष 2005 में पुरानी पेंशन योजना बंद कर दी है। इसमें कर्मचारी की सेवानिवृत्ति या मृत्यु के समय जो अंतिम वेतन था, उसकी 50 प्रतिशत राशि पेंशन के रूप में मिलती थी। इससे परिवार चलाना आसान हो जाता था। क्योंकि 12 से 20 हजार रुपये मासिक पेंशन आ जाती थी, पर अब ऐसा नहीं है। सरकार की नई पेंशन ने कर्मचारियों को एक बार फिर सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर कर दिया है।पेंशन का महत्व कर्मचारियों को तब समझ में आया, जब कोरोना काल में कई कर्मचारियों की मृत्यु हुई। उनके परिवार को अंशदान में जमा राशि में से 50 प्रतिशत एक मुश्त देकर शेष 50 प्रतिशत राशि से पेंशन तय कर दी गई, जो 1200 से 2500 रुपये तक बन रही है। जबकि उन परिवारों पर जिम्मेदारी ज्यादा है। इसे लेकर कर्मचारियों के मन में गुस्सा पनप रहा है और चुनावी मौसम से ठीक पहले वे सड़कों पर उतरने की तैयारी कर रहे हैं।

**- जिन कर्मचारियों की मृत्यु हो गई या जो सेवानिवृत्त हो गए हैं। उनके परिवारों की स्थिति दयनीय है। सरकार हर वर्ग की सोच रही है, तो इनकी भी सोचे। कोई डेढ़-ढाई हजार रुपये में कैसे काम चला सकता है। यही बात मुख्यमंत्री तक पहुंचाने के लिए हम मनोकामना यात्रा कर रहे हैं।**

**भरत पटेल, प्रांताध्यक्ष, मप्र आजाद आजाद-शिक्षक संघ**



# आदिवासी बहुल विकासखंडों में तीन माह के भीतर घर तक पहुंचेगा राशन

**भोपाल।** प्रदेश के 89 आदिवासी बहुल विकासखंडों के सात हजार से ज्यादा गांवों में तीन माह के भीतर घर तक राशन पहुंचेगा। इसके लिए स्थानीय युवाओं को 474 वाहन बैंकों से ऋण दिलाकर दिलवाए जा रहे हैं। बैंक ऋण की गारंटी सरकार ले रही है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को योजना के हितग्राहियों और वाहन संचालकों से वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से संवाद किया। उन्होंने कहा कि किसी भी उपभोक्ता को अब उचित मूल्य की दुकान तक खाद्यान्न् लेने के लिए नहीं जाना पड़ेगा। मुख्यमंत्री ने वाहन से हितग्राहियों तक राशन पहुंचाने वाले जनजाति वर्ग के युवाओं से योजना का लाभ के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा कि हमें जहां रोजगार मिल गया है वहीं, उपभोक्ताओं को अब चार-चार किलोमीटर दूर राशन लेने नहीं जाना पड़ रहा है। इससे ग्रामीणों की मजदूरी का नुकसान नहीं होगा क्योंकि उन्हें जब दूर दुकान जाना पड़ता था तो आधा दिन लग जाता था। तय दिवस पर खाद्यान्न् लेकर वाहन पहुंचेगा और इसकी पूर्व सूचना ग्रामवासियों को दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न् योजना के तहत निशुल्क अनाज वितरण व्यवस्था को 31 मार्च तक बढ़ा दिया गया है। प्रदेश में अब तक 125 हितग्राही वाहन का चयन कर चुके हैं और बैंक से 29 प्रकरण स्वीकृत भी हो गए हैं।

# मंडीदीप में बासमती धान की औने-पौने दामों में नीलामी से भड़के किसान, किया चक्काजाम



**मंडीदीप।** छब्बीस सौ पचपन में हुई नीलाम ट्रालियों को व्यापारी ने लेने से मना किया तो किसानों ने हाइवे पर हंगामा करते हुए ट्रैफिक जाम कर दिया। पुलिस ने किसानों से बात कर जाम खुलवा दिया। आधा घंटे बाद किसानों ने दोबारा हाइवे जाम कर प्रशासन के सामने मुसीबत खड़ी कर दी। मौके पर तहसीलदार व भारसाधक अधिकारी निकिता तिवारी, थाना प्रभारी अपने दलबल सहित जाम हटवाने का प्रायास करते रहे। आखिरकार एक घंटे बाद किसान माने। तब जाकर जाम खुला और मंडी में नीलामी की प्रक्रिया पुन- शुरू हुई। दरअसल किसान नीलामी को लेकर परेशान हैं। वे आरोप लगा रहे कि मंडी कर्मचारियों, व्यापारियों और मिलरों की मिलीभगत से धान की औने-पौने दामों पर नीलाम की जा रही है। लेकिन किसानों की सुनवाई नहीं हो रही। मंडी सचिव का किसानों से बातचीत का लहजा भी अन्नदाताओं को भड़काने का काम करता रहा। हालांकि थाना प्रभारी ने उन्हें समझाया, लेकिन मामला बिगड़ता गया और किसानो ने एकमत होकर राष?ट्रीय राजमार्ग 12 को जाम कर दिया। इस कारण भोपाल की और जाने वाला मार्ग पर दोनों ओर दो से तीन किलोमीटर लंबा जाम लग गया। किसान नेता नरेंद्र चौकसे ने अन्नदाताओं की बात सुनने के बाद मोजूद प्रशासनिक अधीकारियों से आग्रह किया कि जिन किसानों की ट्रालियां नीलाम हो गईं, उस व्यापारी ने बोली लगाई, उसे किसान का माल तुलवाने का आदेश दे, अन्यथा उक्त व्यापारी का लाइसेंस कैंसिल किया जाए। चौकसे की इस बात का सभी ने समर्थन किया। किसान मौसम को लेकर चिंतित हैं। मिलर और व्यापारी इसी का लाभ उठाकर किसानों की धान कम दाम पर खरीद रहे हैं, जिससे किसान भड़क गए।

# किसानों को अब तहसील के नहीं लगाने पड़ेंगे चक्कर

## ऑनलाइन मिलेगी भू-अधिकार पुस्तिका

**भोपाल।** किसानों को भू-अधिकार पुस्तिका (बही) के लिए अब तहसील कार्यालय और पटवारी के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। सरकार ने इस व्यवस्था को आनलाइन कर दिया है। किसान आइटी सेंटर, एमपी आनलाइन, लोक सेवा केंद्र, कियोस्क सहित सरकार द्वारा तय अन्य माध्यमों से आनलाइन आवेदन कर सकेंगे। भूलेख पोर्टल से भू-अधिकार पुस्तिका की डिजिटल हस्ताक्षरित प्रति डाउनलोड कर आवेदक को तय समयसीमा में दी जाएगी। राजस्व विभाग ने नियम संशोधित कर जारी कर दिए हैं।

### पुस्तिका अधिक पृष्ठों की हुई तो प्रत्येक पृष्ठ के लिए 15 रुपये अतिरिक्त देना होंगे

भू-अधिकार पुस्तिका दो पृष्ठों की होगी। इसके लिए किसान को 45 रुपये शुल्क देना होगा। यदि पुस्तिका अधिक पृष्ठों की हुई तो प्रत्येक पृष्ठ के लिए 15 रुपये अतिरिक्त देना होंगे। वहीं पुरानी भू-अधिकार पुस्तिका यथावत उपयोग में ली जा सकेंगी। विभाग ने प्रक्रिया तय की है। उसमें किसान को अपना आधार कार्ड, फोटो, मोबाइल नंबर, समग्र आइडी, पटवारी हल्का, सेक्टर क्रमांक आदि अभिलेख देने होंगे।

### फोटो को सही मानकर भू-अधिकार पुस्तिका जारी की जाएगी



इनके आधार पर सेवा प्रदाता आवेदक का आवेदन अपलोड करेगा। यदि आधार नंबर नहीं है, तो आवेदक का फोटो लेकर क्षेत्र के पटवारी से सत्यापित कराया जाएगा। पटवारी तीन दिन में आवेदक का फोटो सत्यापित अथवा अमान्य करें। पटवारी द्वारा ऐसा नहीं किए जाने की दशा में फोटो को सही मानकर भू-अधिकार पुस्तिका जारी की जाएगी। आवेदन अमान्य होने या समयसीमा में निराकृत न होने पर आवेदक को अपील का अधिकार होगा। वह 30 दिन में पहली और 60 दिन में दूसरी अपील पेश कर सकेगा। उसका निराकरण 15 दिन में किया जाएगा।

# दिव्यांग सम्मेलन में 40 से अधिक संस्थाओं, व्यक्तियों का सम्मान



**जबलपुर।** विश्व दिव्यांग दिवस के उपलक्ष्य में गुरुवार को गीतधाम ग्वारीघाट में आयोजित दिव्यांग सम्मेलन का आयोजन किया गया। परम पूज्य श्री महामंडलेश्वर संत ईश्वरानंद महाराज के सानिध्य में एवं श्री स्वामी गिरिशानंद सरस्वती महाराज, हनुमानदास महाराज, विधायक अजय विश्नोई ,विनय सक्सेना, संदीप रजक आयुक्त नि:शक्तजन मध्य प्रदेश ,डॉ जितेन्द्र जामदार वरिष्ठ चिकित्सक एवं समाज सेवी तपन भौमिक पूर्व अध्यक्ष मध्य प्रदेश पर्यटन विकास निगम नरेन्द्र सिंह चौहान वरिष्ठ समाजसेवी श्री विश्वजीत सिंह वरिष्ठ समाजसेवी, प्रदीप पांडे, पूर्व उपाध्यक्ष जन अभियान परिषद शशिकान्त सोनी सदस्य की दो दीपक बेनर्जी पूर्व आयुक्त नि:शक्तजन मध्य प्रदेश, बल्दीप सिंह मैनी पूर्व आयुक्त नि:शक्तजन तथा कर्मवीर शर्मा कलेक्टर जिला जबलपुर की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन तथा दिव्यांग कन्याओं पूजन साथ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि परम पूज्य महामंडलेश्वर संत ईश्वरानंद जी महाराज तथा मंच पर आसोन अन्य पूज्य संतजनों का विधायक एवं कलेक्टर जिला जबलपुर द्वारा पुष्पमाला से स्वागत किया गया, इसी क्रम में मंच पर आसीन अन्य विशिष्ट अतिथियों का पुष्प माला से स्वागत आशीष दीक्षित संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय विभाग जबलपुर संभाग अबलपुर द्वारा किया गया, तत्पश्चात नेवहीन कन्या विद्यालय भवरताल जबलपुर की कन्याओं द्वारा तथा आशीष रैकवार दिव्यांग बालक बदन पुनर्वास एवं अनुसंधान केन्द्र के द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में दिव्यांगता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 40 से अधिक संस्थाओं एवं व्यक्ति क्रमश: विकलांग सेवा भारती घेतना, जस्टिस तन्खा मेमोरियन वंदन पुनर्वास एवं अनुसंधान संस्थान, आशा आर्मी स्कूल श्रीमती मिताली बेनर्जी श्री देवेन्द्र सोनी एवं अन्य संस्थाओं एवं व्यक्तियों को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि परम पूज्य महामंडलेश्वर संत ईश्वरानंद महाराज एवं अन्य विशिष्ट अतिथिजनों दवारा शॉल, श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। तत्पश्चात मुख् अतिथि परम पूज्य महामंडलेश्वर संत ईश्वरानंद जी महाराज को श्रीफल एवं मॉनर्मदा की प्रतिमा स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट की गयी। डॉ. जितेन्द्र जामदार द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित माननीय अतिथिजनो एवं दिव्यांगजनो तथा उनके परिजनों का कार्यक्रम में उपस्थित होने के लिए आभार व्यक्त किया गया। संचालन डॉ आनन्द सिंह राणा ने किया।



## मार्केट में भीड़, सभा एवं रैलियों का आयोजन

अनूपपुर। बीते वर्षों में कोविड की पहली और दूसरी लहर में भयावह स्थिति निर्मित हुई थी और कई लोगों को जानें गंवानी पड़ी थी इसके बाद भी लोगों ने सबक नहीं सीखा हैद्य वर्तमान में आलम यह है कि मास्क और सामाजिक दूरी से जिले वासियों ने दूरी बना ली हैद्य बाजार चौपाटी आदि स्थानों में सैर सपाटा किया जा रहा है और जिला मुख्यालय में सभाएं और रैलियां भी आम हो चुकी हैद्य जबकि ऐसी लापरवाही या नहीं बरती जानी चाहिए स्थिति कभी भी बिगड़ सकती है, तीसरी लहर की संभावनाएं पहले भी जताई जा चुकी है और कोविड-का नया वैरीअंट ओमी क्रौन के दस्तक के बाद लापरवाही भयावह स्थिति उत्पन्न कर सकती हैद्य पूर्व में हर घर से कोई न कोई कोविड- की चपेट में आया था और कई लोग अपनों को खो चुके हैंद्य इतना कुछ होने के बाद भी गाइडलाइन से परहेज समझ से परे हैंद्य लापरवाही इस हद तक बढ़ चुकी है कि 80 परसेंट लोग बिना मास्क के घूम रहे हैंद्य हालांकि प्रशासन द्वारा वैक्सीनेशन में गंभीरता बरती जा रही है और शत प्रतिशत वैक्सीनेशन भी कराया जा रहा है अब तो डोर टू डोर अभियान चलाया जा रहा हैद्य यदि अब भी लोगों ने गंभीरता नहीं बरती तो हालत बिगड़ने में अधिक समय नहीं लगेगा क्योंकि तीसरी लहर में बच्चों को सबसे अधिक खतरा बताया गया हैद्य ऐसे में सभी को स्वयं तो जागना ही होगा और दूसरों को भी कोविड गाइडलाइन का अक्षर से पालन करने प्रेरित करना होगा तभी सभी सुरक्षित रह सकेंगे।

### रेलवे मजदूर संघ का प्रयास रंग लाया

## अब रेल कर्मचारी आपातकालीन चिकित्सा पर निजी अस्पताल रेफर करवा सकेंगे



**जबलपुर यश भारत।** केन्द्रीय रेल चिकित्सालय पमरे जबलपुर से आपातकालीन रेफरल प्राईवेट अस्पतालों का अनुबंध समाप्त हो गया था जिससे पूरे पमरे के कोटा, भोपाल एवं जबलपुर मंडलों के कर्मचारियों व उनके परिवार को इलाज में भारी परेशानी उठाना पड़ रही थी, उक्त समस्या को वेस्ट सेन्टल रेलवे मजदूर संघ ने प्रमुखता से प्रशासन के समक्ष उक्त अनुबंधों को बढ़ाने को रखा था, जिस पर उक्त अनुबंध को बढ़ा दिया है। संघ के महामंत्री अशोक शर्मा, संयुक्त महामंत्री व संघ प्रवक्ता सतीश कुमार, मंडल सचिव डीपी अग्रवाल ने बताया कि संघ के प्रयासो से रेफरल निजी अस्पतालों का अनुबंध को रिन्यू कर दिया है। जिससे पमरे के भोपाल, कोटा, जबलपुर, नरसिंहपुर, पिपरिया, सतना, सागर, दमोह, कटनी, ब्यौहारी, तुगलकाबाद, गंगापुर सिटी, सवाईमाधोपुर, गुना, विदिशा, इटारसी, बीना, हरदा आदि स्टेशनों के रेल कर्मचारी व उनका परिवार आपाकालीन चिकित्सा के निजी अस्पताल में रेफर करा सकेंगे। जिसके बाद जबलपुर हास्पिटल, मार्बल सिटी अस्पताल, जामदार अस्पताल, आदित्य हॉस्पिटल, लक्ष्मी नारायण अस्पताल, आशीष हॉस्पिटल, महाकौशल हॉस्पिटल, बॉम्बे हास्पिटल, स्वास्तिक अस्पताल, वेस्ट सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, अंनत हास्पिटल, इनफिनिटी स्टार हॉस्पिटल, जगदीश हास्पिटल, एस्कार्ट हास्पिटल ओखला नई दिल्ली, सदगुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट व यशोदा हास्पिटल गाजियाबाद रेफरल निजी अस्पतालों में इलाज करवा सकेंगे।

### यह रहे उपस्थित

संघ के मंडल अध्यक्ष एसएन शुक्ला, कोषाध्यक्ष अनुज तिवारी, अवधेश तिवारी, डीएन यादव, आरए सिंह, रोशन यादव, एसआर बाउरी, कुलदीप परसाई, जेपी मीना, हर्ष वर्मा, संदीप श्रोती, धीरेन्द्र मिश्रा, तरुण बत्रा, जयराम सिंह, लेखराज बैरवा, मंदीप सिंह, अनिल चौबे, संतोष त्रिवेणी, दीपक केसरी, श्यामकला, संजय चौधरी, रुपेश गुप्ता, बॉबी धौलपुरी, आरएस कलसी, रफैल जैकव, अफजल हाशमी, शेख मुनीर खान आदि ने अस्पताल रेल प्रशासन का आभार व्यक्त किया है।

## संगठन को मजबूत बनाने राष्ट्रीय अध्यक्ष से की चर्चा



**अमलाई ।** कोयला मजदूर सभा एच एम एस सोहागपुर क्षेत्र के अध्यक्ष शशि भूषण शुक्ला ने हिंद मजदूर सभा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं कोयला मजदूर सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नाथूलाल पांडे से भेंट कर कोयला मजदूरों से संबंधित समस्याओं के निदान हेतु चर्चा कीद्य और एरिया में एचएमएस को और अधिक मजबूत करने के संबंध में विचार विमर्श किएद्य गौरतलब हो कि शशि भूषण हमेशा ही श्रमिकों के हित में संघर्ष करते आ रहे हैं और उनकी समस्याओं को कोयला प्रबंधन के सामने मजदूरों का पक्ष बड़ी मजबूती से रखते हैंद्य एरिया अध्यक्ष शुक्ला ने कहा कि कोयला मजदूर सभा एसईसीएल में श्रमिकों के हित में कार्य करने वाला सबसे मजबूत श्रम संगठन है और श्रमिक एच एम एस की कार्यप्रणाली को देखते हुए ही एचएमएस की सदस्यता लेते रहे हैं।

## नवनियुक्त संयोजक का स्वागत किया



जबलपुर। मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी मैं यूनाइटेड फूल यूनाइटेड फोरम आर पावर एम्पलाइज एक कंपनी संयोजक पद पर इमरान खान की नियुक्ति पर जबलपुर के जिला संयोजक एस के पचौरी द्वारा जबलपुर के पदाधिकारियों के साथ उनका स्वागत पुष्प हार एवं गुलदस्ता भेंट कर किया गया इस अवसर पर उन्हें बधाई देने वालों में सर्वश्री सुनील कुरेले नीलाभ श्रीवास्तव अमित सक्सेना , आर सी साहू अरविंद शर्मा आदि ने बधाई दी

## शासन की उदासीनता से नहीं हो पा रही पदोन्नति

**जबलपुर।** म प्र तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने राज्य शासन के कर्मचारियों को पुलिस विभाग की तर्ज पर वेतनमान के अनुरूप कार्यवाहक पदोन्नति प्रदान करने की मांग की है। संघ ने बताया कि राज्य शासन के कर्मचारियों को विगत 15 वर्षों से पदोन्नति का लाभ प्राप्त नहीं हुआ है, जिससे कर्मचारी जिस पद पर नियुक्त हुए उसी पद पर सेवानिवृत्त हो रहे हैं। शासन द्वारा समय समय पर समयमान वेतन के साथ साथ उसी पद का पदनाम तथा कार्य भी प्रदान कर दिया जाना चाहिए इसमें शासन को किसी भी प्रकार का वित्तीय भार भी नहीं आयेगा और कर्मचारियों का मनोबल एवं कार्यशैली प्रबल होगी एवं गुणवत्ता में सुधार होगा जिससे शासन को फायदा होगा। शासन की घोर उदासीनता के कारण कर्मचारियों की पदोन्नति नहीं हो पा रही है, जिससे पूरे जीवनकाल में एक पद पर कार्य करते हुए ही सेवानिवृत्त हो रहे हैं। पदोन्नति नहीं होने से उच्च पद के सैकड़ों पद रिक्त पड़े हुए हैं जिससे शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न हो रही है। संघ के योगेन्द्र दुबे, अर्वेन्द्र राजपूत, मुकेश सिंह, संजय यादव, आलोक अग्निहोत्री, , दुर्गेश पाण्डेय, ब्रजेश मिश्रा, वीरेन्द्र चंदेल, एस पी बाथरे, परशुराम तिवारी, मनोज सिंह, मुकेश मिश्रा, रवि महलोनिया, नीरज मिश्रा, अमित पटेल, विनीत विश्वकर्मा, तुषरेन्द्र सेंगर, जवाहर केवट, अमित गौतम, शैलेन्द्र दुबे, नवीन यादव, आदि ने माननीय मुख्यमंत्री जी को ई मेल करके राज्य शासन के कर्मचारियों को शीघ पदोन्त्ति प्रदान करने की और पदोन्नति न करने वाले दोषी अधिकारियों के विरुद् कार्यवाही करने की मांग की है।

## प्रदेश अध्यक्ष भगत सिंह कुशवाहा जी (पिछड़ा वर्ग मोर्चा) के जन्म उत्सव को सेवा दिवस के रूप मनाया गया





अमलाई। भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्री भगत सिंह कुशवाहा जी के जन्म उत्सव के उपलक्ष्य पर सेवा ही समर्पण अभियान के तहत भाजपा जिला अध्यक्ष दादा कमल प्रताप सिंह जी के मार्गदर्शन में पिछड़ा वर्ग मोर्चा शहडोल के जिला अध्यक्ष श्री रमाशंकर कुशवाहा जी की अगुवाई में शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ार में फल वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया तत्पश्चात आदिवासी मोहल्ले में मिष्ठान वितरण किया गया इस अवसर पर आप सभी ज्येष्ठ श्रेष्ठ पिछड़ा वर्ग मोर्चा के पदाधिकारी, किसान मोर्चा के पदाधिकारी,एवं कार्यकर्ता बंधु कार्यक्रम में पहुच कर सेवा ही समर्पण अभियान में अपनी सहभागिता निभाया कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा शहडोल के अध्यक्ष रमाशंकर कुशवाहा, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष रविकांत त्रिपाठी, वरिष्ठ भाजपा नेता रविकांत चौरसिया, नगर परिषद बुढ़ार की पूर्व अध्यक्ष एवं भाजपा नेत्री शालिनी सरावगी, जिला मंत्री मीना कुशवाहा, जूली जैन नगर परिषद बुढ़ार के उपाध्यक्ष पुष्पेद्र ताम्रकार, वरिष्ठ नेता अरुण द्विवेदी वरिष्ठ नेता राजकिशोर द्विवेदी, बलबीर सिंह छाबड़ा, मंडल महामंत्री विपिन उपाध्याय, , यूवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रामनिवास कुशवाहा, मंडल उपाध्यक्ष गोकुल नापित, कोमल पटेल, वरिष्ठ नेता सुरेंद्र वर्मा,भागचंद सोनी, सनत यादव, कमलनाराण कुशवाहा, मंडल मंत्री लक्ष्मी मिश्रा, वरिष्ठ नेता अजय मिश्रा,अरविंद रजक,उपस्थित थे

## आपराधिक गतिविधियों को दे रहे थे अंजाम कलेक्टर ने दो को किया जिला बदर

**अनूपपुर ।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुश्री सोनिया मीना ने शाहिद पिता बदरूद्दीन मुसलमान उम्र 48 वर्ष निवासी वार्ड नं. 11 बिजुरी थाना बिजुरी जिला अनूपपुर को वर्ष 1991 से 2020 तक व राजू सिंह पिता जगत प्रताप सिंह उम्र 46 वर्ष निवासी माईन कॉलोनी बिजुरी थाना बिजुरी जिला अनूपपुर को वर्ष 2001 से 2019 तक आपराधिक गतिविधियों में संलग्न पाए जाने पर मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा-5(क) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राजस्व जिला अनूपपुर तथा उसकी सीमा से सम्बद्ध म.प्र. राज्य के राजस्व जिले शहडोल, उमरिया एवं डिण्डौरी की सीमाओं से एक वर्ष की कालावधि के लिए बाहर चले जाने का आदेश दिया है। साथ ही उन्होंने शाहिद व राजू सिंह को उक्त अधिनियम की धारा 3 के अंतर्गत यह आदेश दिया है कि उपरोक्त निर्बन्धन आदेश की अवधि में वे जिस-जिस थाना क्षेत्र में निवास करें या आवागमन करें उसमें अपनी आने तथा प्रस्थान करने की सूचना दें तथा प्रत्येक दिन दोपहर 12:00 बजे क्षेत्राधिकार वाले थाना में अपनी उपस्थिति दर्ज करावें। उन्होंने यह भी आदेश दिया है कि नियत कालावधि में दोनो आरोपी बिना मेरी लिखित अनुमति के उपरोक्त जिलों की सीमाओं के अन्दर प्रवेश नहीं करेंगे, न ही क्षेत्राधिकार वाले थाने में हाजिरी देना बन्द करेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया है कि उपरोक्त आदेश का पालन न करने, उल्लंघन करने या विरोध करने पर म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 14 के अंतर्गत अनावेदकों को गिरफ्तार किया जावेगा तथा तीन वर्ष के कारावास व जुर्माने से दण्डनीय होंगे।

जिले में कानून व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण हेतु निरन्तर जिला कलेक्टर एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारीओं द्वारा प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जा रही है। अनावेदक शाहिद वर्ष 1991 से लगातार अवैध कारोबार एवं आपराधिक गतिविधियों में संगठित गिरोह बनाकर संलिप्त होने व अनावेदक आये दिन कोयला चोरी, मारपीट, गुण्डागर्दी का अपराध घटित करता चला आ रहा है। अनावेदक शाहिद के विरुद्ध थाना बिजुरी में 13 गंभीर अपराध पंजीबद्ध होकर न्यायालय में विचाराधीन है। इसी तरह अनावेदक राजू सिंह वर्ष 2001 से लगातार बिजुरी एवं आसपास के क्षेत्र में जुंआ, शराब एवं सट्टे का अवैध कारोबार कर रहा है।

## मध्य प्रदेश में अल्ट्राटेक की तीन खानों कोपांच सितारा रेटिंग से सम्मानित किया गया

**एजेंसी।** अल्ट्राटेक सीमेंट की 15 लाइमस्टोन की खदानों को उनके सस्टेनेबल खान प्रबंधन के लिए खान मंत्रालय और भारतीय खान ब्यूरो द्वारा 5.स्टार रेटिंग दी गई है। अल्ट्राटेक सीमेंट को यह रेटिंग्स प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार माननीय केंद्रीय खान मंत्री श्री प्रह्लाद जोशी द्वारा हाल ही में दिल्ली में आयोजित ष्नेशनल कॉन्क्लेव ऑन माइंस एंड मिनरल्सष् में एक सम्मान समारोह के दौरान प्रदान किये गए। मध्य प्रदेश में अल्ट्राटेक की तीन खानों को पांच सितारा रेटिंग से सम्मानित किया गया। इनमें सतना के पास स्थित मैहर सीमेंट वर्क्स यूनिट की दो खदानें और नीमच के पास स्थित विक्रम सीमेंट वर्क्स की एक खदान शामिल हैण् मैहर सीमेंट वर्क्स और विक्रम सीमेंट वर्क्स दोनों अल्ट्राटेक सीमेंट की एकीकृत सीमेंट निर्माण इकाइयां हैं। अल्ट्राटेक सीमेंट को पिछले तीन सालों में ;2017.18ए 2018.19 और 2019.20द्ध कुल 30 ऐसे 5. स्टार रेटिंग पुरस्कार दिए गए है। भारत की कंपनियों में सबसे ज्यादा 5.स्टार रेटिंग प्राप्त करने वाली कंपनी अल्ट्राटेक सीमेंट ही है जिसे सभी बडे मिनरल्स जैसे की बॉक्साइटए कॉपरए आयरन ओरए मैंगनीजए लेडए लिंक और लाइमस्टोन के लिए यह पुरस्कार मिला हैं।

## मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस के आह्वान पर कुंडम में महंगाई के विरोध में जन जागरण रैली



**कुंडम।** आज मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती अर्चना जायसवाल के निर्देशानुसार एंव जिला महिला ग्रामीण अध्यक्ष श्रीमती संगीता सिंह के नेतृत्व में आज कुंडम नगर में बढती हुई बेहतहाशा महंगाई वृद्धि के विरोध में महिला कांग्रेस के द्वारा नगर में रैली निकालकर जन जागरण अभियान चलाया गया जिसमें कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष खिलाड़ी सिंह आर्मो, पूर्व विधायक नन्हेंलाल धुर्वे, श्री मति दुर्गा धुर्वे पूर्व जिला पंचायत सदस्य, भवानी साहू जनपद सदस्य, मीरा कछवाहा ब्लॉक अध्यक्ष महिला कांग्रेस, विपिन जायसवाल जिला ग्रामीण सचिव कांग्रेस कमेटी, नीरज राय जिला ग्रामीण महासचिव युवक कांग्रेस, प्रहलाद झारिया संदीप साहू आशीष साहू राकेश झारिया रेखा कछवाहा सहित दर्जनों महिला उपस्थित रही।

## मां नर्मदा परिक्रमा वासियों को शाल नरियल भेंट देकर किया विदा




गोटेगांव आज 1 दिसंबर दिन बुधवार को मां नर्मदा के पावन झांसी घाट से गोटेगांव क्षेत्र के विभिन्न ग्रामो एवं शहर के मां नर्मदा के श्रद्धालु भक्तजनों द्वारा नर्मदा परिक्रमा का शुभारंभ दो बसों के द्वारा किया गया। सर्वप्रथम सभी श्रद्धालु भक्तजनों ने झांसी घाट में एकत्रित होकर मां नर्मदा जी का विधि विधान से पूजन किया एवं परिक्रमा की शुरुआत झांसी घाट से बसों द्वारा की गई इसमें हिंदू धार्मिक उत्सव समिति गोटेगांव के सदस्यों द्वारा साल श्रीफल भेंट कर उनका स्वागत किया एवं सभी का आशीर्वाद ग्रहण किया इसमें पार्षद गीता शरण विश्वकर्मा श्री कमल सिंह पटेल अशोक पटेल चंदन ताम्रकार पंडित नीरज दुबे नीलम ठाकुर आकाश पटेल दीपक जैन सहित बड़ी संख्या में सदस्यों की उपस्थिति रही।

## आईसीआईसीआई डेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने लॉन्च किया नया इनकम

मुंबई। आईसीआईसीआई डेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने आज एक नया नॉन.पार्टिसिपेटिंग बचत उत्पाद आईसीआईसीआई गारंटीड इनकम फॉर टुमॉरो ;लॉन्ग टर्म लॉन्च किया। यह उत्पाद ग्राहकों को या तो नियमित रूप से गारंटीकृत कर.मुक्त ष्आयष् या ष्110 प्रतिशत प्रीमियम रिटर्न के साथ आयष् हासिल करने का विकल्प प्रदान करता है। ये दोनों प्लान विकल्प 30 साल तक की आय प्रदान करते हैं। इस उत्पाद के तहत दिया जाने वाला जीवन बीमा आय अवधि सहित पॉलिसी की पूरी अवधि के लिए जारी रहता हैए जिससे प्रियजनों को वित्तीय सुरक्षा मिलती है। ग्राहकों के पास 7 या 10 वर्षों की प्रीमियम भुगतान अवधि का चयन करने की सुविधा है और वे अपनी आवश्यकताओं के आधार पर 15. 20. 25 या 30 वर्षों की अवधि के लिए आय प्राप्त करने का विकल्प चुन सकते हैं। यह बहुमुखी बचत योजना ग्राहकों को उनके वित्तीय लक्ष्यों जैसे कि बच्चे की उच्च शिक्षाए सेवानिवृत्ति योजना आदि को पूरा करने के लिहाज से सपोर्ट करने के लिए स्थिर आय का एक वैकल्पिक स्रोत बनाने में मदद करती है। इस तरह यह प्लान ग्राहकों को मन की शांति प्रदान करता है। यह ग्राहकों को भविष्य में आमदनी को लेकर होने वाले उतार.चढाव और अनिश्चितता को एक बडी हद तक समाप्त करने में भी सक्षम बनाता है।

## 11वी शरीफ के कार्यक्रम में हिन्दू और मुस्लिम शामिल होकर साम्प्रदायिक सौहार्द की अनूठी मिसाल की पेश



**अमलाई ।** अनुपपुर जिले के अमलाई में हिन्दू मुस्लिम ने साम्प्रदायिक सौहार्द की अनूठी मिसाल पेश की है। अमलाई में दुर्गा मंदिर चौराहे में 11 वी शरीफ के फातिया का कार्यक्रम में हिन्दू समाज के लोग शामिल होकर सौहार्द पूर्ण 11 वी शरीफ के कार्यक्रम को मिलजुल कर मनाया गयाअमलाई दुर्गा चौक के समीप मुस्लिम समाज के लोगो द्वारा 11वी शरीफ के फातिया का कार्यक्रम लंबे समय से किया जा रहा है। जिसमे राज्य के बाहर से इमाम साहब शरीख होकर मिलाद ,फातिया का कार्यक्रम करते है ।इसमे खास बात यह है कि मुस्लिम समुदाय के इस 11 वी शरीफ फातिया के कार्यक्रम में हिन्दू समुदाय के लोग शामिल होकर मिलजुल कर बडे ही उत्साह के साथ मानते है। मुस्लिम के इस कार्यक्रम में हिंदू शामिल होकर साम्प्रदायिक सौहार्द की अनूठी मिसाल पेश की है। जिले के अमलाई दुर्गा चौक पर स्थित अतिरेक भवन में गुलामाने ईमाम हुसैन कमेटी अमलाई के तत्वाधान में 11 वी शरीफ फातिया का कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जिसमे भारी मात्रा में मुशिलम व हिंदू समाज के लोग शरीख होकर मनाया, छत्तीसगढ रायपुर से आए ईमाम सैयद कारी रईस अहमद असरफी साहब ने तकरीर की शुरुआत की , इसके साथ ही उत्तरप्रदेश से आए हजरत फतेपुरी नौशाद मोहम्मद साहब के शान में नात पेश की साथ ही तकरीर भी किया गया, जिसे सुनने के लिए दूर दूर से लोग आए हुए थे, आयोजन समिति की भूमिका आयोजन समिति में हैदर हुसैन वस्मी, अलाउद्दीन अंसारी, मोहम्मद इदरीश, मुमताज अंसारी, मोहम्मद रईस, पप्पू भाई जान, राज तिवारी, पवन कुमार चीनी, अजय दहिया, अमरजीत सिंह, कैलाश गोटिया, रविंद्र गौतम, संतोष टंडन, मयंक सिंह, विजय तिवारी, शिव कुमार पनिका, राजेश यादव, रोहित गोटिया आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा साथ ही कार्यक्रम का संचालन मोहम्मद कलाम ने किया।

## टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस मध्य प्रदेश में फैला रही है कदम

**रीवा .** भारत की प्रमुख जीवन बीमा कंपनियों में से एकए टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस ;टाटा एआईए लाइफद्धए अपनी वितरण पहुंच का विस्तार करने के लिए मध्य प्रदेश राज्य में 4 नई शाखाएं शुरू कर रही है। इस विस्तार के माध्यम सेए यह बीमा कंपनी भोपालए ग्वालियरए उज्जैन और रीवा जैसे 4 से अधिक महत्वपूर्ण स्थानों में अपनी पहुंच को ब?ाएगी। ?िलहाल इस कंपनी की देश के 25 राज्यों और 175 शहरों में 218 से अधिक शाखाएं हैंए और एजेंसी, ब्रोकिंग, बैंकएश्योरेंसए असिस्टेड परचेज़ और ऑनलाइन विभाग में कंपनी ने अपना म?बूत स्थान कायम किया है। टाटा एआईए लाइफ द्वारा उठाया गया यह महत्वपूर्ण कदम उनकी व्यवसाय वृद्धि नीति का हिस्सा हैए ताकि वितरण के साथ.साथ कस्टमर कनेक्ट पॉइंट्स का विस्तार किया जा सकें और मध्य प्रदेश राज्य में जीवन बीमा सुविधाओं को ?यादा से ?यादा लोगों तक पहुंचाने की दिशा में उद्योग द्वारा किए जा रहे प्रयासों में योगदान दिया जा सकें। इस विस्तार से महत्वपूर्ण वृद्धि में योगदान की उम्मीद है।संपर्क रहित ग्राहक सेवा और कागज रहित संचालन की सुविधा के लिए हर शाखा डिजिटल समाधान और प्रक्रियाओं के साथ सक्षम की गयी है। ग्राहक वीडियो कॉल के ?रिए शाखा अधिकारियों के साथ बातचीत कर सकते हैं।

**कार्यालय नगर परिषद जैतहरी जिला अनूपपुर म0प्र0**

E-mail-cmojaithari@mpurban.gov.in

क्र0/ 929 /न0परि0/ई.टेन्ड./2021 — जैतहरी दिनांक 01/12/2021

**ई- निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा नगर परिषद जैतहरी निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (ONLINE) निविदा आमंत्रित करती है उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईड https://mptenders.gov.in/ देखी जा सकती है।

| क्र0 | ऑन लाईन टेण्डर नम्बर | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रूपये में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र मुल्य | समय ावधि | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2021_UAD_170824_1 | CONSTRUCTION OF FSTP NP JAITHARI | 8,54,756/- | 8547/- | 2000/- | 01माह | "स" श्रेणी व उससे अधिक |

1. निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करनें का दिनांक 01/12/2021 समय सांय 05:30 बजे से दिनांक 17/12/2021 समय शाम 05:30बजे तक क्रय की जा सकती है।

टीप-:

1. विस्तृत निविदा विज्ञप्ति टेंण्डर एव अन्य दस्तावेज देखने एवं डाउनलोड करनें के लिए वेबसाईड पर सुविधा उपलब्ध है अधिक जानकारी के लिए https://mptenders.gov.in/ देखी जा सकती है।
2. निविदाकार टेण्डर डालने के पूर्व उपरोक्तानुसार स्थल का निरीक्षण कर सकते है।
3. निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन के लिए समाचार पत्र पर प्रकाशन नही किया जावेगा निविदा के संशोधन की जानकारी https://mptenders.gov.in/ पर देखी जा सकती है।


मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद जैतहरी
जिला अनूपपुर म0प्र0

# दूसरे टेस्ट से बाहर हुए इशांत-जड़ेजा और रहाणे



भारत और न्यूजीलैंड के बीच आज से मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में दूसरा टेस्ट मैच शुरू हो रहा है। मैच से पहले टीम इंडिया को तीन बड़े झटके लगे हैं। टीम के स्टार तेज गेंदबाज इशांत शर्मा, ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा और पहले टेस्ट के कप्तान अजिंक्य रहाणे चोट की वजह से मैच से बाहर हो गए हैं।

भारत और न्यूजीलैंड के बीच आज से मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में दूसरा टेस्ट मैच शुरू हो रहा है। दो मैचों की सीरीज का यह आखिरी मुकाबला है और यहां जीतने वाली टीम ट्रॉफी भी अपने नाम कर लेगी। हालांकि मैच से पहले टीम इंडिया को तीन बड़े झटके लगे हैं। टीम के स्टार तेज गेंदबाज इशांत शर्मा, ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा और पहले टेस्ट के कप्तान अजिंक्य रहाणे चोट की वजह से मैच से बाहर हो गए हैं। बीसीसीआई द्वारा आधिकारिक ट्विटर हैंडल से जारी किए गए अपडेट में बताया गया कि तीनों ही खिलाड़ी कानपुर टेस्ट के दौरान चोटिल हो गए थे और मैच में उतरने के लिए फिट नहीं हैं। मैच की बात करें तो मुंबई में पिछले दो दिन में हुई



भारत और न्यूजीलैंड के बीच आज से दूसरा टेस्ट मैच शुरू हो रहा है। दो मैचों की सीरीज का यह आखिरी मुकाबला मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जा रहा है।



12/0, शुभमन गिल (12*), मयंक अग्रवाल (0*)



दोनो टीमें

भारत

शुभमन गिल, मयंक अग्रवाल, चेतेश्वर पुजारा, विराट कोहली (कप्तान), श्रेयस अय्यर, ऋद्धिमान साहा (विकेटकीपर), अक्षर पटेल, रविचंद्रन अश्विन, जयंत यादव, उमेश यादव, मोहम्मद सिराज

## भारत की जोरदार शुरुआत, गिल ने जेमीसन के ओवर में लगाए तीन चौके

## गिल ने जेमीसन के ओवर में लगाए तीन चौके

बारिश की वजह से वानखेड़े का मैदान गीला है और इस वजह से टॉस में देरी हुई है। भारत और न्यूजीलैंड के बीच आज से दूसरा टेस्ट मैच शुरू हो रहा है। दो मैचों की सीरीज का यह आखिरी मुकाबला मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जा रहा है। भारतीय कप्तान विराट कोहली ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया है। शुभमन गिल ने काइल जेमीसन के पहले ओवर में तीन चौके लगाकर 12 रन बटोरे। 2 ओवर के बाद भारत का स्कोर-



## एशियाई स्क्वॉश चैंपियनशिप-



# भारत की पुरुष और महिला टीमें सेमीफाइनल में हांगकांग से होगा सामना

भारत की पुरुष और महिला टीम ने अपने अंतिम लीग मुकाबले जीतकर 20वीं एशियाई स्क्वॉश टीम चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। अब दोनों टीमों का शुक्रवार को सामना हांगकांग से होगा। शीर्ष वरीय भारतीय पुरुष टीम ने इंडोनेशिया को 3-0 से हराकर पूल ए में पांच मैचों में पांचवीं जीत दर्ज की। तीसरी वरीय महिला टीम ने ईरान को 3-0 से हराकर पूल बी में मलयेशिया के बाद दूसरा स्थान हासिल किया। भारत ने शीर्ष खिलाड़ी सौरव घोषाल को आराम दिया लेकिन रमित टंडन, महेश मनगांवकर और वेलावन सेंथिलकुमार ने इंडोनेशिया के अपने प्रतिद्वंद्वियों को कोई मौका नहीं देते हुए सीधे गेम में 3-0 से जीत दर्ज की। मलेशिया के खिलाफ शिकस्त झेलने वाली महिला टीम ने फिलिपींस और ईरान को हराकर अंतिम चार में जगह सुनिश्चित की। महिला टीम को सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए जीत की दरकार थी। स्टार खिलाड़ी जोशना चिनप्पा ने गजल शराफपोर को 3-0 से हराकर टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई जबकि सुनयना कुरुविला और उर्वशी जोशी ने भी इसी अंतर से जीत दर्ज करते हुए भारत को अंतिम चार में पहुंचाया।

# पीवी सिंधु और लक्ष्य सेमीफाइनल में पहुंचे



## चिराग-सात्विक की जोड़ी ने नाम वापस लिया

भारतीय बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु के बाद लक्ष्य सेन ने भी बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल्स के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। दो बार की ओलंपिक विजेता सिंधु ने जर्मनी की युवोन ली को सीधे सेटों में हराकर ग्रुप स्टेज में लगातार दूसरा मैच जीता और उनका सेमीफाइनल में पहुंचीं। वहीं लक्ष्य सेन हार के बावजूद सेमीफाइनल में पहुंच गए क्योंकि क्योंकि दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी और दो बार के विश्व चैंपियन केंतो मोमोता और रसमस गेमके इस टूर्नामेंट से हट चुके हैं।

दूसरे गेम में लक्ष्य को डेनमार्क के विक्टर ने 21-14, 21-15 से हराया। 46 मिनट तक चले इस मैच में लक्ष्य ने काफी संघर्ष किया। भारतीय खिलाड़ी कभी भी अपनी लय नहीं पकड़ सका, लेकिन सेमीफाइनल में उनके पास वापसी का मौका है।

## सिंधु का शानदार प्रदर्शन जारी

जर्मन खिलाड़ी के खिलाफ सिंधु ने 31 मिनट में जीत दर्ज की। उन्होंने युवोन ली को 21-10, 21-13 से हराया। इससे पहले उन्होंने डेनमार्क की लिन क्रिस्टोफरसेन को 21-14, 21-16 से हराया था। यह मैच भी 38 मिनट में खत्म हो गया था। उन्होंने अपने दोनों मैच 40 मिनट के अंदर जीते हैं। इससे पहले भी दो टूर्नामेंट में सिधु सेमीफाइनल में पहुंच चुकी हैं, लेकिन टूर्नामेंट जीत नहीं पाई हैं।



# महिला फुटबॉल- भारतीय टीम की लगातार तीसरी हार, वेनेएजुला ने 1-2 से हराया

भारतीय महिला फुटबॉल टीम को चार देशों के टूर्नामेंट के आखिरी मुकाबले में वेनेजुएला के हाथों 1-2 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। हार की हैट्रिक के साथ भारतीय टीम का अभियान खत्म हो गया। फीफा रैंकिंग में वेनेजुएला से एक स्थान नीचे 57वें स्थान पर काबिज भारतीय टीम पिछले दोनों मैच बड़ी टीमों से हारने के बाद जीत का स्वाद चखने की उम्मीद से उतरी थी। भारत की उम्मीदों पर हालांकि पानी फिर गया और पहले हाफ में पिछड़ने के बावजूद वेनेजुएला ने वापसी करके जीत दर्ज की। भारत को ग्रेस डांगमेइ ने 17वें मिनट में गोल करके बढ़त दिलाई और पहले हाफ तक यह कायम रही। दूसरे हाफ में वेनेजुएला ने शानदार वापसी की। उसके लिए मरियाना (50वें मिनट) और बारबरा (80वें मिनट) ने गोल किए। अगले महीने अपनी धरती पर होने वाले एएफसी एशियाई कप की तैयारी में जुटी भारतीय टीम को चिली और ब्राजील ने भी हराया था। एशियाई कप 20 जनवरी से छह फरवरी तक खेला जाना है।

# मुंबई टेस्ट के लिए रिद्धिमान साहा फिट



## कप्तान विराट कोहली और खुद रिद्धिमान ने की पुष्टि

भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली ने अनुभवी विकेटकीपर रिद्धिमान साहा को लेकर बयान दिया है। उन्होंने गुरुवार को मुंबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले जाने वाले दूसरे टेस्ट मैच की पूर्व संध्या पर कहा कि साहा गर्दन की चोट से उबर चुके हैं। वह वानखेड़े में न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट मैच खेलने के लिए फिट हैं। खुद साहा ने भी बताया है कि वो मैच के लिए पूरी तरह से फिट हैं। कानपुर टेस्ट मैच के दौरान साहा की गर्दन में चोट लग गई थी जिसके चलते केएस भरत ने विकेटकीपिंग की थी।

## कोहली बोले- साहा फिट

प्री मैच वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान विराट कोहली ने मुंबई में कहा, रिद्धिमान साहा अब फिट हैं, वह अपनी गर्दन की चोट से उबर चुके हैं, हम मौसम और पिच की स्थिति के आधार पर थोड़ी चर्चा करेंगे जिसके बाद कॉम्बिनेशन के बारे में सोचेंगे। वहीं खुद साहा ने भी अपनी फोटो शेयर करते हुए लिखा कि वो मैच के लि पूरी तरह से फिट हैं।

## कानपुर टेस्ट में चोटिल हुए थे साहा

भारत और नूयूजीलैंड के बीच खेली जा रही दो टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में खेला गया। टेस्ट मैच के तीसरे दिन साहा की गर्दन में चोट लग गई। इसके बाद उनकी जगह केएस भरत ने विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी संभाली थी। इस दौरान भरत ने शानदार विकेटकीपिंग करते हुए तीन कैच लिए।

## साहा ने खेली थी बेशकीमती पारी

कानपुर टेस्ट की पहली पारी में असफल रहने वाले रिद्धिमान साहा ने दूसरी पारी में बेहतरीन बल्लेबाजी करते हूए नाबाद 61 रन बनाए थे। उन्होंने यह पारी उस समय खेली जब भारतीय टीम दूसरी पारी में न्यूजीलैंड के आगे संघर्ष कर रही थी। उनके अलावा पहली इनिंग्स में शतक लगाने वाले श्रेयस अय्यर ने दूसरी पारी में 65 रन बनाए थे। इन दोनों बल्लेबाजों के चलते भारत दूसरी पारी में सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचनने में सफल रहा था।

# नेटफ्लिक्स का सरप्राइज! अक्षय कुमार की सूर्यवंशी शुक्रवार को ह्रअ्र प्लेटफॉर्म पर पहुंची



नई दिल्ली। शुक्रवार सुबह नेटफ्लिक्स ने अपने ग्राहकों को जबरदस्त झटका दिया। अक्षय कुमार की फिल्म सूर्यवंशी सिनेमाघरों में बेहतरीन कलेक्शन करने के बाद ठीक चार हफ्ते बाद प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम कर दी गयी है। नेटफ्लिक्स के सब्सक्राइबर्स के लिए यह चौंकाने वाली बात थी, क्योंकि यह तो तय था कि फिल्म प्लेटफॉर्म पर आएगी, पर इतनी जल्दी की उम्मीद नहीं थी। प्लेटफॉर्म ने स्ट्रीमिंग डेट की कोई आधिकारिक सूचना पहले नहीं दी थी। हालांकि, मीडिया रिपोर्ट्स में 5 दिसम्बर को स्ट्रीम किये जाने का दावा किया गया था। सूर्यवंशी ने गुरुवार (2 दिसम्बर) को सिनेमाघरों में 4 हफ्ते का सफर पूरा किया है। फिल्म 5 नवम्बर को सिनेमाघरों में रिलीज की गयी थी और इन चार हफ्तों ने धुआंधार प्रदर्शन करते बॉक्स ऑफिस पर 190 करोड़ का नेट कलेक्शन किया है। नेटफ्लिक्स पर सूर्यवंशी हिंदी के अलावा तेलुगु, तमिल, कन्नड़, मलयालम और अंग्रेजी भाषाओं में उपलब्ध

## बेहोश हुईं शमिता

दरअसल लड़ाई के दौरान देवोलीना ने शमिता से कहा कि, मैं तुम्हारी शेट्टीगिरी निकाल दूंगी। शमिता ये सुनने के बाद आपे में नहीं रहतीं। वहीं ट्विटर हैंडल द खबरी ने ट्वीट कर पहले बताया, %क्या लाइव फीड में शमिता शेट्टी को देख सकते हैं?



# बेहोशी के बाद शमिता शेट्टी ने छोड़ा शो!

नई दिल्ली। बिग बॉस 15 के घर में जब से देवोलीना भट्टाचार्जी ने एंट्री की है तब से ही वो शमिता शेट्टी पर निशाना साध रही हैं। यहां तक कि सलमान खान के सामने भी देवोलीना, शमिता के साथ उलझ पड़ी थीं। अब फिर से दोनों एक बार आमने सामने आ गईं हैं। हालात इतने खाराब हो गए कि इस झगड़े के बीच शमिता बेहोश हो गईं। इस मामले में बताया जा रहा है कि शमिता घर से बाहर हो गई थीं, लेकिन मेकर्स उन्हें फिर से शो में वापस ले आए हैं।

## मेकर्स ने मनाया

इसके बाद एक अन्य ट्वीट में द खबरी ने लिखा-%हां यह सच है कि कल शमिता शेट्टी के बेहोश होने के बाद वह घर से बाहर गई थीं। और हमने यही ट्वीट किया था लेकिन जब हमने उन्हें दोबारा शो में देखा तो हैरान रह गए। उन्होंने अपना मन दोबारा बदल लिया है। मेकर्स उन्हें मनाने में कामयाब रहे और वह घर में फिर से आ गई हैं।

## देवोलीना से हुआ झगड़ा

दरअसल, बिग बॉस में इस वक्त 50 लाख की प्राइज़ मनी को लेकर टास्क चल रहा है। इस टास्क की संचालक देवोलीना और शमिता शेट्टी बनी हैं। टास्क की शरुआत से ही देवोलीना नॉनवीआईपी सदस्यों के खिलाफ पक्षपाती होती दिख रही हैं और खुलकर चीटिंग कर रही हैं। गलत फैसला लेते हुए कल देवोलीना ने उमर रियाज़ को बाहर कर दिया वहीं बाकी सदस्यों के साथ भी वो साफ-साफ चीटिंग कर रही हैं। इस वजह से नॉनवीआईप सदस्यों की प्राइज़ मनी में से 5 लाख रुपए कम हो गए। इस वजह से शमिता और देवोलीना के बीच ज़ोरदार जंग छिड़ी हुई है और आज ये जंग एक अलग ही रूप ले लेगी।

# छात्रसंघ चुनाव जरूरी, युवाओं की सुनिश्चित हो भागीदारी

**जबलपुर, यशभारत। युवाओं का राजनीति में आना देश को एक नई उर्जा प्रदान करता है। युवा सोच और नजरियां राजनैतिक गतिविधियों के साथ ही विकासात्मक और सुधारात्मक कार्यों में नये सृजन की रचना करता है। यह कहना है भारतीय जनता युवा मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष शिवम तिवारी का। आज उन्होंने यशभारत के कार्यक्रम युवाओं की आवाज में अपने साक्षात्कार के दौरान आशीष शुक्ला से विभिन्न विषयों पर बेबाक चर्चा की।**

यश भारत युवा आवाज

वीडियो देखने के लिए यश भारत फेसबुक पर जाएं

शाम 5 बजे प्रसारण

### विचारधारा का होना जरूरी

युवाओं के राजनीति में आने के सवाल पर युवा नेता शिवम तिवारी का कहना है कि राजनीति में युवाओं का आना बहुत जरूरी है ताकि देश के विकास में युवाओं की भी भागीदारी सुनिश्चित हो सके लेकिन उसके पहले जरूरी है विचारधारा का होना, बिना विचारधारा के तय लक्ष्य को हासिल नहीं किया जा सकता है।

### राष्ट्रवाद ने किया प्रभावित

भाजपा से जुडने का मुख्य कारण श्री तिवारी राष्ट्रवादी विचारधारा का होना है जिसने उन्हे सबसे ज्यादा प्रभावित किया। शिवम कहते है कि जब राजनीति में कदम रखने का निर्णय उन्होने लिया तो उन्होने भारतीय जनता पार्टी को ज्वाईन किया। क्योंकि भाजपा एक राष्ट्रवादी विचारधारा की पार्टी है और वे इस विचारधारा के समर्थक रहे है।

### जबलपुर में विकास अधूरा

श्री तिवारी मानते है कि जबलपुर विकास के मामले में उतनी तेजी से तरक्की नहीं कर पाया जितने अन्य शहर बावजूद इसके भाजपा के सरकार में आते ही विकास कार्य हुए है आज एयरकनेक्टिविटी बढी है, सडके सहित अन्य जरूरी सुविधाओं में सरकार ने अभूतपूर्व कार्य किया है लेकिन फिर भी जिस सोपान पर विकास आज होना चाहिये था वह पूर्व सरकारों के कारण बहुत पीछे रह गया है।



भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवम तिवारी से आशीष शुक्ला की चर्चा

### युवाओं का पलायन रुके

युवाओं को लेकर हो रहे पलायन के सवाल पर शिवम कहते है कि सरकार इस मामले में युवाओं को अवसर प्रदान भी कर रही है। चूंकि कोरोना के चलते विश्व भर में मंदी का दौर चला है और लोगों की नौकरी भी छीनी है। लेकिन देश और प्रदेश में सशक्त नेतृत्व के चलते इतना बुरा दौर नहीं आ पाया जैसा अन्य विकासशील देश झेल रहे है।

### नगर अध्यक्ष किस वर्ग से होगा

नगर अध्यक्ष को लेकर युवा नेतृत्व को लेकर किये गये सवाल पर शिवम कहते है कि अपेक्षाएं राजनीति में हर एक युवा लेकर आता है लेकिन पार्टी उसे ही मौका देती है जो यह जिम्मेदारी अच्छे से संभाल सके और ऐसे ही एक युवा को युवा मोर्चा की कमान सौंपी जा सकती है। शिवम कहते है कि संभवत इस सप्ताह तक युवा मोर्चा के अध्यक्ष के नाम की घोषणा हो सकती है।

### सरकार की योजनाओं को पहुंचाना उद्देश्य

श्री शिवम कहते है प्रदेश सरकार की कई योजनाएं आम जनता के हित में चल रही है लेकिन आम लोगों को जानकारी का अभाव है इसलिये इनके द्वारा यह प्रयास किया जा रहा है कि आम लोगों तक सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को जन जन तक पहुंचाया जा सके ताकि लोग सरकार की इन योजनाओं का लाभ ले सकें।

### छात्र संघ चुनाव होना चहिये

शिवम तिवारी से जब छात्र संघ चुनाव को लेकर सवाल किया गया तो उनका कहना था कि युवा नेतृत्व की शुरूआत छात्र जीवन से ही शुरू हो जानी चाहिये। यह एक ऐसा मंच है जहां से देश को सशक्त नेतृत्व मिलता है इसलिये इनका भी मानना है कि छात्र संघ चुनाव होना चाहिये और युवा मोर्चा भी यह भरसक प्रयास कर रहा है कि छात्र संघ चुनाव सम्पन्न हो।

### चुनाव को लेकर उहापोह की स्थिति

नगर निगम और पंचायत चुनाव को लेकर श्री शिवम कहत है कि चूंकि कोरोन ने जहां जनजीवन को प्रभावित किया है वहीं चुनावी गतिविधियों पर भी असर डाला है वह कहते है कि अगर परिस्थितियां अनुकूल रही तो चुनाव सम्पन्न कराये जा सकते है लेकिन वर्तमान में तीसरी लहर को लेकर जो परिस्थितियां पैदा हो रही है उसको देखते हुए चुनाव सम्पन्न कराना जोखिम भरा साबित हो सकता है।

# पंचायत चुनाव को लेकर असमंजस बरकरार

## *जिला पंचायत अध्यक्ष पद का आरक्षण 14 को भोपाल में*

**जबलपुर। मध्य प्रदेश पंचायती राज संचनालय द्वारा कल 2 दिसम्बर गुरुवार को देर शाम जिला पंचायत अध्यक्ष पदों के आरक्षण से सम्बंधित आदेश जारी किया गया है। प्रदेश के सभी कलेक्टरों एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों के नाम जारी इस आदेश में जिला पंचायत अध्यक्ष पद के लिए आरक्षण की प्रक्रिया या लाटरी पद्धति से आगामी 12 दिसम्बर दिन मंगलवार को सम्पन्न कराने की बात कही गई है। आरक्षण की सम्पूर्ण प्रक्रिया जल एवं भूमि प्रबंध संस्थान कलियासोत स्थित ऑडिटोरियम में होगी। पंचायतीराज संचनालय द्वारा इसका प्रचार प्रसार करने की जिम्मेदारी भी कलेक्टरों एवं सीईओ जिला पंचायतों को सौंपी गई है।**

पंचायती राज संचनालय द्वारा जारी इस आदेश के बाद त्रि स्तरीय पंचायत चुनावों की प्रक्रिया को लेकर एक बार फिर असमंजस की स्थिति बन गई है। उल्लेखनीय है कि 2020-21 में होने वाले पंचायत चुनावों के लिए राज्य शासन द्वारा पंच-सरपंच से लेकर जनपद सदस्य, जनपद अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य पद के लिए आरक्षण की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई थी। केवल जिला पंचायत अध्यक्ष पद के लिए ही आरक्षण होना शेष था। तभी देश- दुनिया सहित प्रदेश में फैली कोरोना आपदा के कारण त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव टल गये। पंचायतों, जनपदों और जिला पंचायतों का कार्यकाल पूरा होने के एक डेढ़ साल बाद भी चुनाव नहीं कराये जा सके। कोरोना की लहर कम होने के बाद राज्य शासन ने पंचायत चुनाव कराने की तैयारियां एक बार फिर शुरू की। पहले ये खबर आई कि जिला पंचायत अध्यक्ष पद के लिए आरक्षण की प्रक्रिया पूरी होते ही पंचायत चुनाव का कार्यक्रम घोषित कर दिया जाएगा। बाद में राज्य सरकार द्वारा एक नया अध्यादेश जारी करने की बात सामने आई जिसमें बताया गया कि पंचायतों का नया परिसीमन रद्द कर दिया गया है इसके साथ ही पंच-सरपंच, जनपद सदस्य, जनपद अध्यक्ष और जिला पंचायत सदस्य पदों के लिए किया गया आरक्षण भी रद्द हो गया है। अब पंचायत चुनाव 2014 - 15 के आरक्षण के अनुसार ही कराये जाएंगे। परिसीमन रद्द हो जाने के कारण मतदाता सूचियों में आंशिक बदलाव करना पड़ा। शासन ने मतदाता सूचियों के संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्यक्रम भी घोषित कर दिया। यहां तक की 29 नवम्बर को मतदाता सूची का प्रथम प्रकाशन भी हो गया है। इसके लिए दावे आपत्तियां ली जा रहीं जिनका निराकरण कल 4 दिसम्बर तक किया जाकर 6 दिसम्बर को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होना है।इस बीच जिला पंचायत अध्यक्ष पद के आरक्षण की तिथि घोषित करके शासन ने एक बार फिर असमंजस की स्थिति पैदा कर दी है। सवाल उठ रहे कि क्या केवल जिला पंचायत अध्यक्ष पद का चुनाव नये आरक्षण के हिसाब से होगा या फिर पंच-सरपंच, जनपद सदस्य, अध्यक्ष आदि के चुनाव भी नए आरक्षण के अनुसार कराये जाएंगे या बाकी चुनाव 2014 -15 के आरक्षण के हिसाब से होंगे। पहले दिसम्बर के अंत तक पंचायत चुनाव हर हाल में सम्पन्न कराने की बात भी सामने आ रही थी पर अब ऐसा होता नहीं दिख रहा। पंचायत चुनाव हो पाएंगे या नही ,अगर हुए तो कौन सा आरक्षण मान्य होगा, चुनाव कब तक हो पाएंगे इन सारे सवालों को लेकर न केवल दावेदार बल्कि मतदाता भी भारी पशोपेश में है। एक बड़ी समस्या देश और प्रदेश में एक बार फिर कोरोना की बढ़ती आहट को लेकर है। प्रदेश के कई जिलों में फिर कोरोना पैर पसार रहा ऐसे में सरकार कोरोना से निपटेगी या चुनाव करायेगी यह भी समझ के बाहर ही है।




# अधारताल में साइड ना देने पर घोंप दिया चाकू

**जन्मदिन की पार्टी मनाने जा रहे थे युवक**

जबलपुर, यशभारत। अधारताल थाना अंतर्गत जन्मदिन की पार्टी मनाने जा रहे युवकों से साइड मिलने की बात को लेकर हुई झड़क के बाद, आरोपी पैसों की डिमांड करने लगे। जब युवकों ने विरोध किया तो चाकू घोंपकर कार चालक मौके से फरार हो गया। जिसके बाद पीड़ित लहूलुहान हालत में थाने पहुंचा। पुलिस ने मामला दर्ज कर, फरार आरोपी की तलाश में जुटी है। अधारताल पुलिस ने बताया कि रामाचौधरी का जन्मदिन था। उसका दोस्त मोहित बाइक में बैठालकर रामा को केक खरीदवाने ले जा रहा था। रास्ते में महाराजपुर व्हीलक मोड़ , फैमिली ढाबा के पास कार चालक ने साइड देने की बात पर गालीगलौच की। जब युवकों ने विरोध किया तो कार चालक ने मोहित पर चाकू से दनादन वार कर, बुरी तरह घायल कर दिया और मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर, जांच में लिया है।

# मझगवां में अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को कुचला : मौत

**माईस में काम करने जा रहा था युवक, पुलिस जांच जारी**

**जबलपुर, यशभारत।** मझगवां के गिदुरहा में बाइक सवार मजदूर को सामने से आ रहे तेज रफ्तार वाहन चालक ने जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। जिसके बाद राहगीरों की मदद से जख्मी हालत में पीड़ित को अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जानकारी अनुसार पवन काछी 40 वर्ष निवासी ग्राम गिदुरहा ने सूचना दी कि भाई राजेश काछी 34 वर्ष बाइक से पाठक माईस में काम करने जा रहा था, गिदुरहा सोसायटी मेन रोड पर पहुंचा ही था, उसी समय अज्ञात वाहन के चालक ने तेज रफ्तार से वाहन ड्राइव करते हुए उसके चचेरे भाई राजेश काछी की बाइक में टक्कर मार दी। जिससे राजेश गिर पड़ा, सूचना मिलने पर वह पहुंचा तथा बहोश पड़े भाई राजेश को प्राथमिक उपचार केंन्द्र मझगवॉ लेकर पहुंचा जहॉ डाक्टर ने चेक कर राजेश काछी को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम हेतु भिजवाते हुये मर्ग कायम कर, मामला जांच में लिया गया।

**अतिथि शिक्षक भर्ती में गड़बड़ी**

# सहायक शिक्षक सेवानिवृा हुआ तो परिवार के सदस्य को बना दिया अतिथि शिक्षक

**जबलपुर, यशभारत।** बेलखाडू संकुल में अतिथि शिक्षक भतीऱ् में गड़बड़ी सामने आई है। सहायक शिक्षक ने संकुल प्राचायऱ् सहित विभागीय अधिकारियों को अंधेरे में रखकर अपने परिवार के सदस्य की नियुक्ति अतिथि शिक्षक के रूप में करा ली है। इस बात से पदाऱ् उस वक्त उठा जब मध्यप्रदेश अध्यापक प्रकोष्ठ के मुकेश सिंह ने पूरे मामले की जानकारी भोपाल भेज दी। मुख्यालय तक शिकायत पहुंचने के बाद जबलपुर शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया है। स्थानीय अधिकारी पता लगा रहे हैं कि इतनी सतकऱ्ता होने के बाद भी कैसे सहायक शिक्षक ने अपनों को उपकृत कर दिया।

शिकायतकर्ता- मुकेश सिंह ने बताया कि राजेश त्रिपाठी सहायक शिक्षक प्राथमिक शाला रैंगवा संकुल बेलखाडू 30 अक्टूबर को सेवानिवृत्त हो चुकें है लेकिन इनके द्वारा रिटायरमेंट से कुछ दिन पहले परिवार के एक सदस्य को स्कूल में अतिथि शिक्षक नियुक्त करवा दिया गया है। इस बात की जानकारी उस वक्त लगी जब पहले सेवाएं दे चुकें अतिथि शिक्षकों को पद खाली होने के बाबजूद बुलाया नहीं गया।




**मामला बेलखाडू संकुल का, शिक्षा विभाग में मचा हड़कंप, भोपाल भेजी गई शिकायत**

### योग्यता रखने वालों को नहीं बुलाया

मुकेश सिंह ने बताया कि स्कूल में खाली पदों पर अतिथि शिक्षक बहुत पहले से नियुक्त थे लेकिन कोरोना संक्रमण के कारण लगे लॉकडाऊन के बाद अतिथि शिक्षकों को हटा दिया गया था। परंतु जब सरकारी स्कूल शुरू हुए तो अतिथि शिक्षकों को दोबारा बुलाया गया लेकिन रैंगवा स्कूल में अतिथि शिक्षकों को यह कहकर नहीं बुलाया गया कि यहां पर पद खाली नहीं है। अतिथि शिक्षक की योग्यता नहीं रखने वाले युवक को नियुक्ति दी गई।

### पीछे के दरवाजे से कराई गई नियुक्ति

रैंगवा स्कूल के सेवानिवृत्त सहायक शिक्षक पर आरोप है कि इनके द्वारा संकुल प्राचायऱ् और जिला कायाऱ्लय के अधिकारियों को अंधेरे में रखकर पीछे के दरवाजे से अपने परिवार के सदस्य को अतिथि शिक्षक बनाया गया। गलत तरीके से की गई अतिथि शिक्षक नियुक्ति की बात कभी सामने नहीं आती लेकिन अतिथि शिक्षक के रूप में सेवाएं दे चुकें युवकों को न बुलाकर उन से कम योग्यता रखने वाले व्यक्ति की नियुक्ति दी गई जिसकी वजह से हड़कंप मच गया।

# 6 महीने पूर्व के विवाद पर सिर फोड़ा

जबलपुर, यशभारत। गोहलपुर के आजाद नगर में पुरानी रंजिश के चलते तीन युवकों ने डंडे और रॉड से दनादन वार कर, पीड़ित को बुरी तरह जख्मी कर दिया और मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए फरार आरोपियों की कुंडलियां खंगाल रही है। जानकारी अनुसार मो. इम्तयाज अंसारी 32 वर्ष निवासी आजाद नगर बेनीसिंह की तलैया ने पुलिस को बताया कि वह देर रात अपना काम करके घर जा रहा था। जैसे ही आफताब आटा चक्की के सामने पहुँचा उसके पड़ोसी रियाज, नियाज और भैय्यन उर्फ करिया मिल गए। जिनसे 6 माह पूर्व उसका पानी भरने की बात को लेकर विवाद हुआ था। उसी रंजिश को लेकर तीनों गाली गलौज करने लगे, उसने गालियां देने से मना किया तो तीनों ने उससे मारपीट की।

लक्ष्मी एपोरियम के 38वें वर्ष में प्रवेश
खरीदी हेतु आमंत्रित
लक्ष्मी एपोरियम
लेडीज-जेंट्स शाल स्टाल, कश्मीरी सेमी पेशमीना, जमावार फैंसी रंग डिजाइन, मिंक कम्बल, रजाईयां, मैरिज सैट टॉवल, बेडकवर,
मछरहाई (दुर्गा मंदिर के सामने) 905 जवाहरगंज जबलपुर फोन- 2481229, 2481944
एक बार अवश्य पधारें

अब नई शृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE | KATANGA CROSSING | NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

AN ISO 9001-2008 CERTIFIED Co.
मैरिज स्पेशल शूज
डीसेन्ट फुटवेयर
Exclusive Party Shoes
प्रो. आकाश श्रीवास्तव
करमचंद चौक, जबलपुर
मो.: 9425159114, 8982481114

अब नये परिवेश में
आफिस, शोरुम, निवास की सजावट के लिए पर्दा क्लाथ की नई रेंज, गृह शोभा के आइटम
न्यू लक्ष्मी एपोरियम
लोरिंग एंड फर्नीशिंग, पर्दा एवं सोफा लाथ, वाल पेपर मिंक कबल, मैरिज सेट टॉवल, रजाईयां।
दैनिक भास्कर के सामने 3 /15 सिविक सेंटर मढ़ाताल जबलपुर फोन- 0761-2481262, 362
एक बार अवश्य पधारें

चतुर्थ पुण्यतिथि
आपका असीम स्नेह एवं आशीर्वाद हमारी अमूल्य धरोहर है आज आपकी चतुर्थ पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं।
भण्डारा - आकाशगंगा कॉम्पलेक्स (मेहंदीबाग) सदर मेनरोड 4 दिसम्बर 2021 समय दोप. 12 से 5
स्व. श्री संतोष कपूर (संतू भैया)
जन्म-06/07/1946 स्वर्गवास-04/12/2017
श्रध्दावनत् - उमा कपूर (पत्नि), विजय कपूर, योगेंद्र दुबे (भाई), संजय कपूर, अजय कपूर (पुत्र), राहुल कपूर, रोहित कपूर (भतीजे)
प्रोप.- स्नो व्हाइट ड्रायक्लीनर्स, मालवीयचौक, जबलपुर

Roasted Food Junction
Badi Omti Chowk
Pure & Tasty AK's Special Jabalpur
गर्मी के मौसम में स्पेशल सत्तू चने का उपलब्ध है। अब हमारे नये शोरूम गोरखपुर में
अशोक कुमार अजित कुमार
गुलाबी चना, मुरमुरा, बोल्ड चना, केला चिप्स, बोल्ड पीनट, मसाला चना, ड्राय मेल, चना जौर गर्म
मो. -9301997304,7987145201

SONY Panasonic INTEX Kurl-on Haier Godrej SAMSUNG USHA PHILIPS & All Product
शादियों के लिए विशेष पैकेज उपलब्ध
आसान किश्तों पर आसान शर्तों पर
बेटी की शादी का पूरा फर्नीचर सागौन द्वारा निर्मित
मिश्रा फर्नीचर्स एण्ड इन्टरप्राइजेज
फर्नीचर्स वारंटी पर उपलब्ध
सरकारी कुंआ, शीतलामाई रोड, जबलपुर फोन नं. 2626496 मो. 9827235010

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन (0761) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)